NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

विजडम इंडिया

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 329 लखनऊ, मंगलवार 28 जुलाई 2026 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

संसद में गतिरोध बरकरार, अमित शाह से जवाब को अड़ा विपक्ष, कार्यवाही ठप

एजेंसी।

दिल्ली। संसद में नीट प्रश्नपत्र लीक और छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण गतिरोध बरकरार रहा, जिससे लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी। विपक्षी दल गृह मंत्री अमित शाह से छात्रों पर कार्रवाई के मामले में जवाब की मांग पर अड़े रहे, जिसके चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। नीट प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर पिछले सप्ताह दिल्ली में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर लोकसभा में सोमवार को विपक्षी सदस्यों के शोर–शराबे के कारण प्रश्नपत्र लीक रोकने संबंधी प्रावधानों वाले विधेयक पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी जिसे सरकार ने आज ही सदन में पेश किया था। छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मामले में गृह मंत्री अमित शाह से जवाब देने की मांग कर रहे कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे की वजह से सदन की बैठक तीन बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, राज्यसभा की बैठक भी सोमवार को चार बार के स्थगन के बाद शाम पांच बज

कर पंद्रह मिनट पर मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, सूत्रों ने कहा कि परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कड़े प्रावधान वाले विधेयक पर सत्तापक्ष और विपक्ष में सहमति बनी, कल चर्चा शुरू हो सकती है। सरकार ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कड़े प्रावधान वाला संशोधन विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किया। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सदन में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत रॉय, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और कुछ अन्य सदस्यों का नाम लिया और कहा कि क्या इस विधेयक को लेकर वे कुछ बोलना चाहते हैं। हालांकि, किसी विपक्षी सदस्य ने इस पर अपनी बात नहीं रखी। बिरला ने कहा कि यह महत्वपूर्ण विधेयक है। विधेयक से सदन और देश की मंशा पर व्यापक चर्चा होगी। सभी दलों के लोग इस विषय पर बहुत दिनों से चर्चा की मांग कर रहे थे। यह सुधार का प्रथम कदम है। मैं सोचता हूं कि सदन में इस पर चर्चा हो, सभी अपने मत व्यक्त करें ताकि हम इस पर बात कर सकें कि किस तरह से इस विधेयक के माध्यम से पेपर लीक को रोकने का समुचित कदम उठा सकते हैं।संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज सुबह उम्मीद थी कि आज विपक्ष चर्चा को तैयार होगा। आखिरकार, वे लंबे समय से छम्म्ज पेपर लीक और हमारे छात्रों के भविष्य पर चर्चा करने की मांग कर रहे हैं। हम एक बहुत महत्वपूर्ण बिल लाए हैं – पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन बिल, 2026। हमने कल और आज सुबह भी कांग्रेस से अपील की, फिर भी वे सहयोग करने को तैयार नहीं हैं... बाहर कांग्रेस के सदस्य दावा करते हैं कि उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। इसके उलट, यहाँ हम उनसे चर्चा में भाग लेने का आग्रह कर रहे हैं, लेकिन वे ऐसा करने से इनकार कर रहे हैं।

यूपी में जल संरक्षण की नई मिसाल, योगी सरकार ने पाया संयुक्तराष्ट्र का एसडीजी-6 लक्ष्य

संवाददाता।

लखनऊ। कभी जल संकट और गिरते भूजल स्तर की चुनौती से जूझने वाला उत्तर प्रदेश आज जल संरक्षण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल संरक्षण को केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाया गया। इसी क्रम में यूपी, संयुक्त राष्ट्र के छठवें सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी–6) को हासिल कर चुका है। यूपी में जल दोहन की दर 2017 के 71.26 प्रतिशत से घटकर 70 प्रतिशत हो गई है, जो कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य का मानक है। यह उपलब्धि जल संरक्षण के लिए सम्मलित प्रयासों से मिली है।भूजल गर्भ विभाग निदेशक डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने बताया कि भूजल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन, आधुनिक तकनीक के सम्मलित प्रयासों ने प्रदेश को जल संरक्षण की दिशा में बड़ी उपलब्धियां दिलाई हैं। प्रदेश सरकार और विभाग के प्रयासों का सबसे बड़ा परिणाम भूजल पुनर्भरण में वृद्धि के रूप में सामने आया है। वर्ष 2017 में प्रदेश का वार्षिक भूजल रिचार्ज 69.91 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) था, जो वर्ष 2025 तक बढ़कर 73.39 बीसीएम हो गया। वहीं भूजल दोहन की दर 71.26 प्रतिशत से घटकर 70 प्रतिशत पर पहुंच गई, जिससे संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य



(एसडीजी–6) को प्राप्त करने में उत्तर प्रदेश सफल रहा।प्रदेश में अतिदोहित विकासखंड़ों की संख्या हुई कमउन्होंने बताया कि प्रदेश में जल संरक्षण अभियानों का असर अतिदोहित क्षेत्रों में भी दिखाई पड़ा। वर्ष 2017 में प्रदेश में 82 अतिदोहित विकासखंड थे, जिनकी संख्या घटकर 44 रह गई। वहीं सुरक्षित श्रेणी के विकासखंडों की संख्या 540 से बढ़कर 563 हो गई। यह परिवर्तन वैज्ञानिक भूजल प्रबंधन व योजनाबद्ध कार्यों की वजह से संभव हो पाया।कैच द रेन अभियान के तहत वर्ष 2021 से 2025 के बीच 3.39 लाख वर्षा जल संचयन एवं जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गईं, 1.34 लाख पारंपरिक जल निकायों का पुनर्जीवन किया गया, 14.38 लाख जलग्रहण क्षेत्र विकास कार्य हुए। साथ ही 1.33 लाख भूजल पुनर्भरण एवं पुनः उपयोग से जुड़ी संरचनाएं विकसित की गईं। इन प्रयासों ने वर्षा जल संचयन व भूजल रिचार्ज को नई गति दी।2 मीटर तक बढ़ा भूजल स्तरडॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अटल भूजल योजना ने भी सकारात्मक बदलाव में अहम भूमिका निभाई। 26 विकासखंडों में ग्राम पंचायत आधारित वाटर सिक्योरिटी प्लान लागू किए गए, जिसके परिणामस्वरूप कई क्षेत्र अतिदोहित या सेमी–क्रिटिकल श्रेणी से सुरक्षित श्रेणी की ओर बढ़े। एक स्वतंत्र अध्ययन में 550 ग्राम पंचायतों में से 303 पंचायतों में भूजल स्तर में 0.5 से 2 मीटर तक सुधार दर्ज किया गया।रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग से लाभयोगी सरकार ने रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग को सरकारी एवं अर्धसरकारी भवनों पर भी व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया। प्रदेश में 1,05,593 उपयुक्त भवनों की पहचान की गई, जिनमें से 35,206 भवनों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित की जा चुकी है। भूगर्भ जल विभाग द्वारा 227 भवनों पर प्रणाली स्थापना से प्रतिवर्ष लगभग 4252.80 लाख लीटर संभावित भूजल पुनर्भरण क्षमता भी विकसित की गई है।करोड़ों लीटर भूजल रिचार्ज क्षमता बढ़ीयोगी सरकार में लगभग सभी विभागों ने जल संरक्षण अभियान को प्राथमिकता में शामिल किया। इसके तहत पिछले कुछ वर्षों में लघु सिंचाई विभाग ने 6,627 चेकडैम का निर्माण किया, जिनकी भंडारण क्षमता 14 हजार करोड़ लीटर व भूजल रिचार्ज क्षमता 10 हजार करोड़ लीटर प्रतिवर्ष है। इसके साथ ही 1,417 तालाबों का जीर्णोद्धार किया, जिसकी भूजल रिचार्ज क्षमता 1,400 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष है। वहीं 6,800 से अधिक भवनों पर रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित की।

37 दिन के सीजेपी आंदोलन पर हुए गुप्त समझौते का सच बताए मोदी सरकार अखिलेश यादव की मांग

संवाददाता।

लखनऊ। अखिलेश यादव ने 37 दिन चले CJP छात्र आंदोलन के गुप्त समझौते पर पारदर्शिता की मांग की, केंद्र सरकार पर छात्रों के खिलाफ कार्रवाई का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सिर्फ कड़े कानूनों से पेपर लीक नहीं रुकेंगे और जन–चेतना को चुनौती देना सत्ताधारी व्यवस्था के लिए ही संकट बनेगा। यह मुद्दा परीक्षा सुधार और सरकारी जवाबदेही को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। समाजवादी पार्टी ने सोमवार को परीक्षा से जुड़े मुद्दों को संभालने के तरीके को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। पार्टी ने आरोप लगाया कि विरोध कर रहे छात्रों के खिलाफ की गई कार्रवाई से पता चलता है कि सरकार जनता की भावनाओं की परवाह नहीं करती। पार्टी ने यह सवाल भी उठाया कि क्या सिस्टम में सुधार किए बिना सिर्फ कड़े कानूनों से ही पेपर लीक को रोका जा सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि इतना बड़ा आंदोलन या तो सरकार की कोशिशों से खत्म हुआ या इसलिए कि सरकार ने छात्रों की मांगें मान लींय सरकार झुक गई है,

इसलिए उसे उन खास बातों का खुलासा करना चाहिए जिन पर उसने सहमति जताई है। सरकार ने कहा था कि केस दर्ज नहीं किए जाएंगे, फिर भी केस दर्ज किए जा रहे हैं। बिहार में कई छात्रों को जेल भेज दिया गया। पत्रकारों से बात करते हुए SP प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह कई जगहों पर छात्रों और युवाओं के खिलाफ मामले दर्ज करके उन्हें निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को 'जन–चेतना' को चुनौती नहीं देनी चाहिए और साथ ही कहा कि बढ़ती जन–जागरूकता खुद सत्ताधारी व्यवस्था के लिए एक चुनौती बन गई है। इस मुद्दे पर विपक्ष की प्रतिक्रिया का जिक्र करते हुए, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के नेता एक साथ बैठकर आगे की कार्रवाई तय करेंगे।इस बीच, वरिष्ठ SP नेता रामगोपाल यादव ने सवाल उठाया कि क्या श्पब्लिक एग्जामिनेशन्स (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) अमेंडमेंट बिल, 2026श और नंदन नीलेकणि की अगुवाई में परीक्षा सुधारों पर एक हाई–पावर्ड टास्क फोर्स बनाने का केंद्र का फैसला, अकेले ही पेपर लीक की समस्या को खत्म कर पाएगा। उन्होंने कहा कि पेपर लीक या तो वहां होता है जहां प्रश्न–पत्र तैयार किया जाता है, या जहां उसे छापा जाता है, या फिर किसी अन्य महत्वपूर्ण चरण पर। जिन कोचिंग सेंटरों की पहुंच बहुत ज्यादा होती है, उनके अक्सर अंदरूनी इंतजाम होते हैंकृवहीं से लीक की शुरुआत होती है। आप चाहे कितने भी कानून बना लें, ये गड़बड़ियां तब शुरू हुईं जब प्रक्रिया डिजिटल हो गईय डिजिटल युग से पहले ऐसी चीजें नहीं होती थीं। लीक करना या हैक करना बहुत आसान हो गया है। SPके एक और सीनियर नेता अवधेश प्रसाद ने कहा कि यह बिल बहुत देर से आया है। उन्होंने कहा कि यह पहले ही हो जाना चाहिए था। इलाज से बेहतर बचाव है। अगर ऐसा कानून पहले होता, तो आत्महत्या करने वाले कई युवाओं की जान बचाई जा सकती थी।

मिर्जापुर में सपा की पीडीए जनपंचायत और बूथ समीक्षा बैठक, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल बोले- भाजपा सरकार ने हर वर्ग का भविष्य चौपट किया

मिर्जापुर, 27 जुलाई

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद मिर्जापुर के विधानसभा क्षेत्र 96 में बूथ स्तरीय संगठन की समीक्षा बैठक एवं पीडीए जनपंचायत का आयोजन हर्षित मैरिज लॉन, लालगंज में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष श्री श्यामलाल पाल शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित बूथ प्रभारियों, बूथ कमेटी सदस्यों, बीएलए, सेक्टर व जोन प्रभारियों, पीडीए कमेटी के सदस्यध्संयोजकों, ब्लॉक व विधानसभा कमेटी के पदाधिकारियों, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

श्री पाल ने कहा कि भाजपा सरकार दमनकारी नीति पर काम कर रही है। इस सरकार ने छात्रों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। रोजी–रोजगार के अवसर समाप्त किए हैं और विपक्ष की जनहित की आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है। हर वर्ग परेशान एवं निराश है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि बूथ से लेकर विधानसभा तक सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि वे भाजपा सरकार की नाकामियों और पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में हुए विकास, शिक्षा, रोजगार के कार्यों की चर्चा कर समाजवादी पार्टी की नीतियों से आमजन को जोड़ें। साथ ही वोटर लिस्ट का सघन परीक्षण कर डुप्लीकेट मतदाताओं को चिन्हित कर उनके नाम डिलीट कराए जाएं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीदेवी प्रसाद चौधरी ने की। संचालन विधानसभा महासचिव हरिशंकर यादव ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे–

पूर्व विधायक जगदंबा सिंह पटेल, शिव शंकर सिंह यादव, रोहित शुक्ला, अशोक यादव, सुरेंद्र पटेल, आशीष यादव, जुम्मन खान, अमरेश सोनकर, रविंद्र यादव, झल्लू यादव, रतन सिंह पटेल, कीर्ति कोल, रंभा देवी, अशोक मिश्रा, पिंटू पांडे, राजकुमार यादव, लवकुश यादव, सूर्यकांत सिंह पटेल, कन्हैया यादव, राहुल यादव, प्रिंस राव, सियाराम जैसल, निराला कोल, रमाशंकर, शिवनारायण बिंद, विधानसभा अध्यक्ष झल्लू खान, सत्य प्रकाश यादव, राममिलन यादव, संग्राम बिंद, सुरेश पटेल, रवि प्रकाश त्रिपाठी, विजय पटेल, वीरेंद्र यादव, लल्लू दुबे, मुकुंद यादव, उग्रसेन पाल, महावीर पाल, आदर्श यादव, आकांक्षा यादव, दिव्या गुप्ता, वंदना गुप्ता, श्रेया सोनकर, रवि सोनकर, अनीश खान, जाहिद अख्तर, अशोक सिंह मुन्ना सैफ अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता।

सभी ने एक स्वर में आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादवको मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

रामपुर की जौहर यूनिवर्सिटी को बड़ी राहत, 38 इमारतों का ध्वस्तीकरण अगले आदेश तक टला

संवाददाता।

रामपुर की जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण पर मुरादाबाद कमिश्नर ने अगली सूचना तक रोक लगा दी है, जिससे यूनिवर्सिटी को बड़ी राहत मिली है। यह कार्रवाई रामपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा बिना बिल्डिंग प्लान मंजूरी के निर्माण की रिपोर्ट के बाद शुरू की गई थी। समाजवादी पार्टी ने इसे राजनीतिक बदले की भावना बताते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा है, जो आगामी विधानसभा चुनावों से पहले अहम हो गया है। उत्तर प्रदेश के रामपुर में मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी को थोड़ी राहत देते हुए, मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने सोमवार को यूनिवर्सिटी के खिलाफ तोड़–फोड़ के आदेश पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। इसके साथ ही, जब तक कोई

अंतिम फैसला नहीं लिया जाता, तब तक सभी प्रशासनिक कार्रवाई रुकी रहेगी। 15 जुलाई को रामपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी (त्क।) ने जौहर यूनिवर्सिटी की 40 में से 38 इमारतों को गिराने का आदेश दिया था। यह यूनिवर्सिटी रामपुर रेलवे स्टेशन से 12 किलोमीटर दूर है और इसे 2006 में समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान ने शुरू किया था।यह कार्रवाई तब हुई जब एक स्थानीय जूनियर इंजीनियर ने यूनिवर्सिटी कैंपस में बिना मंजूरी के किए गए निर्माण कार्यों के बारे में रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद, RDA ने यह कहते हुए इमारतों को गिराने का आदेश दिया कि 38 इमारतें बिना बिल्डिंग प्लान की मंजूरी के बनाई गई थीं। हालांकि, इस आदेश की वजह से उत्तर प्रदेश में विवाद खड़ा हो गया है, जहां अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (ठश्रच) सरकार पर राजनीतिक बदले की भावना से यूनिवर्सिटी को निशाना बनाने का आरोप लगाया है और साथ ही सभी से यूनिवर्सिटी को बचाने की अपील की है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता (स्वच) माता प्रसाद पांडे के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने पिछले हफ्ते रामपुर के जिला मजिस्ट्रेट (क्ड) अजय कुमार द्विवेदी से मुलाकात की और तोड़–फोड़ की कार्रवाई को रोकने की मांग की। उन्होंने एक ज्ञापन भी सौंपा, जिस पर पार्टी के 45 विधायकों के हस्ताक्षर थे।

मैं स्ट्रीट फाइटर हूं एसी एक्टिविस्ट नहीं... इस्तीफे के बाद पहले रिएक्शन में ऐसा क्यों बोले धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी।

दिल्ली। नीट परीक्षा घोटाले और व्यापक छात्र विरोध के बाद शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले धर्मेंद्र प्रधान ने संसद में वापसी पर आत्मविश्वास दिखाया। जयराम रमेश की सहानुभूति पर उन्होंने खुद को श्जमीनी स्तर पर लड़ने वाला नेता बताया, जो उनके राजनीतिक भविष्य और बीजेपी में अगली अहम भूमिका की अटकलों को बढ़ा रहा है। यह बयान उनके इस्तीफे के बावजूद उनकी दृढ़ता और पार्टी में उनकी लगातार महत्ता को दर्शाता है।छात्रों के जबरदस्त विरोध के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा देने के दो दिन बाद, धर्मेंद्र प्रधान सोमवार को संसद पहुँचे। इस दौरान बीजेपी सांसदों ने जोरदार तालियों के साथ उनका स्वागत किया। जब प्रधान

के साथियों ने उनका स्वागत किया, तो वे मुस्कुराते हुए नजर आए। बीजेपी के एक सांसद ने कहा कि शायद यह पहली बार है जब किसी केंद्रीय मंत्री ने बिना किसी व्यक्तिगत आरोप का सामना किए इस्तीफा दिया है। इसी स्वागत–समारोह के दौरान जयराम रमेश प्रधान के पास पहुँचे और उनके इस्तीफे पर सहानुभूति जताई। कांग्रेस नेता ने उनसे कहा, ष्ऐसा होता रहता है।ष प्रधान ने तुरंत जवाब दिया, ष्कुछ नहीं हुआ,ष और साथ ही कहारू ष्मैं जमीनी स्तर पर लड़ने वाला नेता हूँ, ।ब कमरे में बैठकर काम करने वाला एक्टिविस्ट नहीं।ष बीजेपी नेताओं ने इस छोटी सी बातचीत को इस संकेत के तौर पर देखा कि कैबिनेट से हटने के बावजूद प्रधान राजनीतिक रूप से आत्मविश्वास से भरे हुए हैं और अपनी अगली जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं।इससे बीजेपी में उनकी अगली भूमिका को लेकर भी अटकलें तेज हो गई हैं। ओडिशा में पार्टी के सबसे बड़े नेताओं में से एक होने के अलावा, प्रधान को बार–बार संगठन और चुनाव से जुड़ी अहम जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। छात्रों के हफ्तों से चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को इस्तीफा दे दिया। इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व मुख्य रूप से कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) कर रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इंफोसिस के सह–संस्थापक नंदन नीलेकानी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय कार्य बल के गठन की घोषणा की। इस कार्य बल का उद्देश्य परीक्षा प्रणाली को लीक–प्रूफ बनाने के लिए सुधारों की सिफारिश करना है। आज सुबह सरकार ने लोकसभा में पेपर लीक विरोधी कानून में संशोधन करने के लिए एक विधेयक पेश किया, जिसमें 10 साल तक की कैद और 50 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

दो महिलाओं समेत पांच आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ(आरएनएस)। राजधानी के मोहनलालगंज क्षेत्र में नाबालिग किशोरी के अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म कराने की सुनियोजित साजिश का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो महिलाओं सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने पहले किशोरी को बहला–फुसलाकर घर से दूर ले गए, फिर उसे अलग–अलग स्थानों पर रखने के बाद पीजीआई क्षेत्र स्थित एक होटल में ठहराया, जहां मुख्य आरोपी ने उसके साथ कई दिनों तक दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो अधिनियम की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।पुलिस के अनुसार 24 जुलाई को पीड़िता के परिजनों ने मोहनलालगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 17 जुलाई से लापता थी। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। बाद में सूचना मिली कि गांव के ही दुर्गेश रावत और उसकी पत्नी खुशबू किशोरी को अपने साथ ले गए थे। जब परिजनों ने किशोरी को बरामद किया तो उसने पूरी घटना बताई।पीड़िता के अनुसार 18 से 20 जुलाई के बीच राबिया और उसका पति विनोद रावत उसे मोटरसाइकिल से पीजीआई क्षेत्र के एक होटल में ले गए, जहां उसे कमरे में रखा गया। आरोप है कि राबिया ने अपने परिचित द्वारिका रैदास को वहां बुलाया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म कराया। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान उसे अपनी इच्छा के विरुद्ध होटल में रोककर रखा गया और लगातार शोषण किया गया।शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया। विवेचना, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने किसान पथ के पास पूरनपुर गांव से मुख्य आरोपी द्वारिका रैदास, विनोद रावत, दुर्गेश रावत, खुशबू और राबिया को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस की जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी द्वारिका रैदास ने अन्य आरोपियों की मदद से वारदात को अंजाम दिया। वहीं विनोद, दुर्गेश और खुशबू ने साझा साजिश के तहत किशोरी को बहला–फुसलाकर अपने कब्जे में लिया, उसे विभिन्न स्थानों पर ले जाकर रखा और मुख्य आरोपी तक पहुंचाने में सहयोग किया। जांच में यह भी पाया गया कि राबिया ने होटल में कमरा उपलब्ध कराने और मुख्य आरोपी को बुलाकर वारदात कराने में सक्रिय भूमिका निभाई।जांच के दौरान पुलिस को यह भी पता चला कि गिरफ्तार आरोपी दुर्गेश रावत के खिलाफ पहले से मारपीट और शस्त्र अधिनियम के दो मुकदमे दर्ज हैं, जबकि मुख्य आरोपी द्वारिका रैदास के विरुद्ध भी मारपीट, गाली–गलौज और धमकी देने का एक आपराधिक मामला पहले से दर्ज है।पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

छात्रों के प्रदर्शन में उपद्रव के मामले में तीसरी एफआईआर

भाजपा नेता ने हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में दर्ज कराया मुकदमा

प्रयागराज। बीते शनिवार को छात्रों के प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ मामले में हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं की तीसरी एफआईआर भी दर्ज कर ली गई है। यह एफआईआर प्रयागराज के भाजपा नेता की तहरीर पर दर्ज की गई है। इसमें उन्होंने बताया है कि भीड़ जान से मारने पर अमादा थी और उन्होंने किसी तरह अपनी जान बचाई। रविवार शाम यह केस दर्ज किया गया।इससे पहले घटना वाले दिन यानी 25 जुलाई की रात में ही 2 एफआईआर दर्ज की गई थी। इनमें से एक केस बांदा के पूर्व सांसद के बेटे जबकि दूसरा मामला मप्र के रीवा जिले के एक भाजपा नेता ने लिखाया। तीनों ही मामले सिविल लाइंस थाने में दर्ज किए गए हैं।तीसरी एफआईआर जिस भाजपा नेता रवींद्र कुमार जायसवाल ने लिखाया, वह नई बस्ती थाना कीडगंज के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को बताया, मैं भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र का क्षेत्रीय सहसंयोजक हूं। 25 जुलाई को अपने निजी कार्य से अशोक नगर से वापस अपने आवास के लिए सुभाष चौराहे से आ रहा था।शाम करीब 5 बजे जैसे ही सुभाष चौराहे पर पहुंचा, उसी समय सैकड़ों की संख्या में उपद्रवियों ने मेरी इनोवा कार भाजपा का झंडा लगा देख रोक ली। इसके बाद ललकारा कि गाड़ी में बैठे लोगों को जान से मार डालो और हमला कर दिया। गाड़ी का शीशा तोड़कर बाहर खींचने का प्रयास किया। किसी तरह गाड़ी आगे बढ़ाई गई तब जाकर जान बच सकी। उपद्रवियों के हाथों में लाठी, डंडा, रॉड, ईंट, पत्थर थे।

छात्रों के प्रदर्शन में हिंसा के पीछे ऐसे भी चेहरे जिन पर मुकदमे

बिना नंबर-ब्लैक फिल्म वाली संदिग्ध गाड़ियां भी दिखीं

प्रयागराज। सिविल लाइंस में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा और तोड़फोड़ को लेकर पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि क्या शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन की आड़ में कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की।ज्ञात हो कि प्रदर्शन स्थल पर ऐसे कई चेहरे सामने आए हैं, जिन पर पहले से आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा बिना नंबर प्लेट और ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों से घूम रहे संदिग्ध भी रडार पर हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रदर्शन में कुछ ऐसे लोग भी मौजूद थे जिनके खिलाफ पहले से आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें एक ऐसा ही युवक शामिल बताया जा रहा है, जिसे कुछ समय पहले ही एक अन्य मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसी तरह जॉर्जटाउन क्षेत्र में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले का आरोपी भी प्रदर्शन में दिखाई दिया। उसके खिलाफ हंडिया थाने में भी मुकदमा दर्ज बताया जा रहा है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ऐसे लोग छात्र आंदोलन में किस उद्देश्य से शामिल हुए थे।

इस बारे में एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर डॉ. अजयपाल शर्मा का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा, तोड़फोड़ और उपद्रव की हर घटना की अलग–अलग जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल वीडियो, ड्रोन रिकॉर्डिंग के आधार पर संदिग्धों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। जांच में यह सामने आता है कि किसी ने सुनियोजित तरीके से छात्र आंदोलन की आड़ में माहौल बिगाड़ने या हिंसा भड़काने की कोशिश की, तो उससे पूरी सख्ती से निपटा जाएगा।

एथेनश्ल मिश्रित ईंधन नीति पर कांग्रेस का हमला, अजय राय ने प्रधानमंत्री से नितिन गडकरी और हरदीप पुरी को बर्खास्त करने की मांग की

लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने एथेनॉल मिश्रित ईंधन (ई20) नीति को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को तत्काल पद से हटाने और पूरी नीति की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस का आरोप है कि एथेनॉल मिश्रित ईंधन नीति अपने घोषित उद्देश्यों को पूरा करने में विफल रही है और इससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।अजय राय ने पत्र में कहा कि उन्होंने पहले भी एथेनॉल मिश्रित ईंधन नीति के वैज्ञानिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और उपभोक्ता हितों से जुड़े पहलुओं पर स्वतंत्र वैज्ञानिक परीक्षण, पूर्ण पारदर्शिता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग की थी। उनका आरोप है कि सरकार ने न तो उस पत्र का कोई सार्वजनिक जवाब दिया और न ही इस दिशा में कोई निर्णय लिया। इसके विपरीत सरकार ई20 के बाद ई85 और ई100 जैसे ईंधनों की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिससे करोड़ों वाहन उपभोक्ताओं की चिंताओं की अनदेखी होने की आशंका बढ़ी है।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने दावा किया था कि एथेनॉल मिश्रण से कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम होगी, किसानों को लाभ मिलेगा और उपभोक्ताओं को सस्ता ईंधन उपलब्ध होगा। लेकिन वर्तमान स्थिति में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल भी लगभग उसी कीमत पर मिल रहा है, जिस कीमत पर पहले सामान्य पेट्रोल उपलब्ध था। उनका कहना है कि इससे उपभोक्ताओं को अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका।पत्र में यह भी कहा गया है कि पहले यदि पेट्रोल में किसी प्रकार की मिलावट पाई जाती थी तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित पेट्रोल पंप की होती थी, लेकिन अब जब तेल कंपनियां स्वयं एथेनॉल मिश्रण कर रही हैं तो माइलेज में कमी, इंजन की खराबी या तकनीकी समस्याओं की जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही है। इसके कारण वाहन वारंटी और बीमा दावों को लेकर भी विवाद उत्पन्न होने की बात कही गई है।अजय राय ने आरोप लगाया कि अब यह मामला केवल एक नीति तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि मंत्री स्तर की जवाबदेही का विषय बन चुका है। उन्होंने कहा कि संबंधित मंत्रालय इन सवालों का संतोषजनक जवाब देने और नीति निर्माण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में विफल रहे हैं।उन्होंने अपने पत्र में राष्ट्रीय स्तर पर हुई परीक्षा संबंधी विवादों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार परीक्षा व्यवस्था को लेकर उठे सवालों के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पद छोड़ना पड़ा, उसी तरह एथेनॉल मिश्रित ईंधन नीति को लेकर उठ रहे सवालों पर भी जवाबदेही तय होनी चाहिए।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व के सिद्धांत के तहत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को तत्काल पद से हटाया जाए, एथेनॉल नीति की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा नीति निर्माण में संभावित हितों के टकराव की भी स्वतंत्र जांच कराई जाए।

आगामी 6 महीने कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत और ऊर्जा लगा दें- केशव मौर्य

कार्यकर्ताओं की यही मेहनत सपा को हमेशा के लिए 'सैफई' भेजने का काम करेगी

प्रयागराज। अपने तीन दिवसीय प्रयागराज प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कार्यकर्ता ये संकल्प लें कि 2047 तक सपा को आने नहीं देंगे और भाजपा को जाने नहीं देंगे। कार्यकर्ता आगामी 6 महीने अपनी पूरी ताकत और ऊर्जा लगा दें 2027 की फतह के लिए। कार्यकताओं की यही मेहनत समाजवादी पार्टी को हमेशा के लिए सैफई भेजने का काम करेगी। डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब से भाजपा आई है विकास की गंगा बह रही है विकास की आंधी चल रही है। यदि कमल का फुल नहीं खिलता तो गरीबों महिलाओं किसानों युवाओं के लिए जो कल्याणकारी कार्य हुए वे कार्य होते क्या? कांग्रेस के भ्रष्टाचार का सबूत देने की आवश्यकता नहीं है। उनके प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संसद में खुद कहा था कि जब दिल्ली से गरीबों के विकास के लिए 1 रुपया भेजा जाता है, तो उसमें से केवल 15 पैसे ही असल लाभार्थियों तक पहुंचते हैं और बाकी के 85 पैसे बीच में ही गायब हो जाते हैं।उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रयागराज के चकिया चौराहे से लेकर लाल गोपालगंज, हंडिया सहित पूरे गंगापार यमुनापार में गुंडे खुलेआम लहराते हुए चलते थे। आज गुंडे या तो कहीं और चले गये हैं या अपने अंजाम तक पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने में कोई ढिलाई न बरती जाए। बूथ जीता तो चुनाव जीता के फार्मूले पर ही चलना है। इस दौरान डिप्टी सीएम ने 'जनता दर्शन' के माध्यम से स्थानीय जनों की समस्याएं को सुना और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, चायल विधायक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पाल, सुरेश मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वी. के. सिंह, रणजीत सिंह, अनुज कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, विजय श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, पार्षद आशीष द्विवेदी आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संचारी रोग मुक्तिअभियान के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक कर सम्बन्धितो को दिया निर्देष

हर ग्राम पंचायत व स्कूलों के हैण्डपम्पों के पानी की कराएं जॉच-जल निकासी अथवा सोखपिट का कराएं निर्माण

सवेदनषील गांव में प्रभावी ढंग से कार्यवाही करते हुए प्रत्येक बिन्दु पर कराएं निस्तारण-संचारी के प्रति लोगों में लाए जन जागरुकता -मुख्य विकास अधिकारी

मीरजापुर 27 जुलाई

2026– वर्षा, मानसून व श्रावण मास में बढ़ने वाले जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देष पर मुख्य विकास अधिकारी विषाल कुमार ने संचारी रोगों को शत प्रतिषत समाप्त करने के उद्देष्य से जनपद के सभी ग्राम पंचायतों, प्राथमिक विद्यालयों में विषेष स्वच्छता अभियान चलाने के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला पंचायत सभागार में बैठक कर आवष्यक दिषा निर्देष दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रायः डायरिया, हैजा, टायफाइड, हेपीटाइटिस, मलेरिया व अन्य तरह के बुखार आदि जैसे रोग दूषित पेयजल और जगह–जगह जल भराव के कारण फैलते है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायत अधिकारी सहित जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी को निर्देषित किया कि ग्राम पंचायतों व स्कूलों मे लगे हैण्डपम्पों के पास से जल निकासी की व्यवस्था एक सप्ताह के अन्दर सुनिष्चित करा लिया जाए यदि जल निकासी का उपयुक्त स्थान न हो तो हैण्डपम्प के आस पास सोखपिट बनाकर फोटोग्राफ व व्हाट्सएप पर उपलब्ध कराते हुए अगली बैठक में आख्या प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी हैण्डपम्पों के जल क्लोरीन और बैक्टीरियोलाजिकल टेस्ट प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। सभी ग्राम पंचायत अधिकारी इस कार्य हेतु जल निगम व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की टीम से समन्वय स्थापित कर सुनिष्चित कराएं। उन्होंने कहा कि यदि जॉच कहीं दूषित जल पाए जाने वाले हैण्डपम्प पर लाल निषान से चिन्हित करते हुए उसे बन्द कराया जाए तथा उसकी मरम्मत और क्लोरीनेषन जांच के बाद ही पुनः चालू किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकांष जनति बीमारियों को रोकने के लिए पक्की नाली या ढलान बनाकर निकासी सुनिष्चित की जाए तथा गांव में यदि कहीं बारिष का पानी इकट्ठा होता हो तो उसकी निकासी की व्यवस्था के साथ ही एंटीलार्वा नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में छिड़काव किया जाए। उन्होंने सभी ग्राम पंचायत अधिकारी को निर्देषित किया कि स्थलीय निरीक्षण कर कार्य योजना तैयार कर प्रभावी ढंग से कार्य सुनिष्चित करें। जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी को निर्देषित करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को फुल शर्ट पहनकर आने, हाथ धोने आदि के बारे में जानकारी देते हुए प्रार्थना सभा में संचारी रोग के बचाव के बारे में जन जागरूक भी किया जाए। सभी प्रधानाचार्य बच्चों को सुरक्षित पेयजल पीने और हाथ धोने के प्रति प्रतिदिन जागरूक करें। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी एम0ओ0आई0सी0 को निर्देषित करते हुए कहा कि प्रत्येक प्राथमिक चिकित्सालयों मे ओ0पी0डी0 के दौरान आने वाले मरीजों में बुखार, मलेरिया, टायफाइड, फूड प्वालनिंग के आदि के कितने मरीज आए अलग–अलग सूची बनाते हुए अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाए। चुनार, जमालपुर, पहाड़ी तथा नगर क्षेत्र के नटवा में अलग–अलग फायलेरिया, फूड प्वाइजनिंग, टायफाइड आदि मरीज मिलने की षिकायत पर सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी मौके पर जाकर प्रभावी कार्यवाही ग्राम पंचायत अधिकारी से मिलकर सुनिष्चित कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी जनपद के समस्त कुआंध्कूप के जल की जांच भी कराकर उसे शुद्ध पेयजल हेतु बनाते हुए आवष्यक कार्यवाही करे तथा साप्ताहिक आख्या उपलब्ध कराएं। अधिषासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर को निर्देषित करते हुए कहा कि यदि कहीं सीवर व पेयजल का पाइप पास–पास में गया हो तो उसका प्राथमिकता पर जांच कराएं यदि कहीं किसी पाइप का पानी लीक को तो उसे तत्काल मरम्मत सुनिष्चित कराया जाए। उन्होंने सभी सम्बन्धित अर्न्तविभागीय अधिकारियों को निर्देषित करते हुए कहा कि जनपद को संचारी रोग शून्य करना हम सभी का दायित्व है अतएव पूरी पारदर्षिता से दिए गए निर्देषों के तहत कार्य किया जाए और शत प्रतिषत संचारी रोग मुक्त जनपद बनाया जा सकें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कीर्ति कुमार मिश्रा सहित सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम उदय यादव, अधिषासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर गोवा लाल, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहित सभी ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित रहें।

मिर्जापुर में सपा की पीडीए जनपंचायत और बूथ समीक्षा बैठक, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल बोले- भाजपा सरकार ने हर वर्ग का भविष्य चौपट किया

मिर्जापुर।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव

के निर्देश पर जनपद मिर्जापुर के विधानसभा क्षेत्र 96 विधानसभा के बूथ स्तरीय संगठन की समीक्षा बैठक एवं पीडीए जनपंचायत का आयोजन 96 विधानसभा के हर्षित मैरिज लान लालगंज में में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष श्री श्यामलाल पाल ने उपस्थित बूथ प्रभारियों व बूथ कमेटी के सदस्यों, बीएलए, सेक्टर प्रभारियों, जोन प्रभारियों, पीडीए कमेटी के सदस्योंध संयोजकों ब्लॉक कमेटियों, विधान सभा कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ ही सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा सरकार दमनकारी नीति पर काम कर रही है। इस सरकार ने छात्रों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। रोजी, रोजगार के अवसर समाप्त किए हैं। विपक्ष की जनहित की आवाज को कुचलने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। हर वर्ग परेशान एवं निराश है। सभी बूथ से लेकर विधानसभा क्षेत्र 96 के कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि बूथों पर भाजपा सरकार की नाकामियों एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में किए गए विकास, शिक्षा, रोजगार के कार्यों व उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं विचारों से आमजनों को जोड़ने का कार्य किया जाय।

उन्होंने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से कहा कि वोटर लिस्ट का सघन परीक्षण करते हुए डुप्लीकेट मतदाताओं को चिन्हित कर उनके नाम डिलीट कराये। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीदेवी प्रसाद चौधरी द्वारा की गयी। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से पूर्व विधायक जगदंबा सिंह पटेल शिव शंकर सिंह यादव रोहित शुक्ला अशोक यादव सुरेंद्र पटेल अशोक यादव आशीष यादव जुम्मन खान अमरेश सोनकर रविंद्र यादव झल्लू यादव रतन सिंह पटेल कीर्ति कोल रविंद्र रंभा देवी अशोक मिश्रा पिंटू पांडे राजकुमार यादव लवकुश यादव सूर्यकांत सिंह पटेल कन्हैया यादव राहुल यादव प्रिंस राव सियाराम जैसल निराला कोल रमाशंकर शिवनारायण बिंद विधानसभा अध्यक्ष झल्लू खान सत्य प्रकाश यादव राममिलन यादव संग्राम बिंद सुरेश पटेल रवि प्रकाश त्रिपाठी विजय पटेल वीरेंद्र यादव लल्लू दुबे मुकुंद यादव उग्रसेन पाल महावीर पाल आदर्श यादव हरिशंकर यादव आकांक्षा यादव दिव्या गुप्ता वंदना गुप्ता श्रेया सोनकर रवि सोनकर अनीश खान जाहिद अख्तर अशोक सिंह मुन्ना सैफ अंसारी आदि हजारों लोग मौजूद रहे सम्मेलन का संचालन विधानसभा महासचिव हरिशंकर यादव ने किया। आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर श्री अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गयास

हाईवे पर पांच दिन के अंदर दो बड़ी लूट की घटनाओं ने कानून व्यवस्था पर लगाया प्रश्न चिन्ह

कोरियर कंपनी के मैनेजर ने दर्ज कराया मुकदमा, बदमाश पुलिस की पकड़ से दूर

राजस्थान रोडवेज से 77 लाख रुपए मूल्य का 550 ग्राम सोना लेकर युवक फरार

-20 जुलाई को प्लाईवुड व्यापारी के कर्मचारी से 25 लाख रुपए का बैग लेकर टप्पेवाज फरार

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

हाईवे थाना क्षेत्र में राजस्थान रोडवेज बस से 77 लाख रुपये मूल्य का 550 ग्राम सोना चोरी होने का मामला चार दिन के बाद भी पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर बदमाशों की पहचान में जुटी है। इस बीच, कोरियर कंपनी के मैनेजर ने अज्ञात के खिलाफ हाईवे थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

राजस्थान के धौलपुर जिले के बसेड़ी निवासी गौरव सिंह, जो पटेल राकेश कुमार एंड कंपनी में कार्यरत हैं, ने शुक्रवार सुबह मथुरा के सराफा मार्केट से 550 ग्राम सोने के छह पैकेट उठाए। उन्हें यह सोना दिल्ली पहुंचाना था, जो पहले से बुक किया गया था। गौरव बैग में सोना रखकर गोवर्धन चौराहे पर पहुंचकर आगरा की ओर से आई राजस्थान डिपो की बस में सवार हुए। बस का चालक भानु प्रताप गौरव के गांव का था, जिससे वह आगे बोनट पर बैठ गए और पीछे सोने वाला बैग रखा। तभी एक युवक बैग लेकर बस से उतरा और पहले से स्टार्ट बाइक पर बैठकर साथी के साथ फरार हो गया। सीओ रिफाइनरी प्रवीण कुमार तिवारी ने बदमाशों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू की है।शनिवार को कोरियर कंपनी के मैनेजर उदयवीर परमार निवासी गांव रैबियापुरा बसेड़ी धौलपुर ने

हाईवे थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। हाईवे थाना प्रभारी प्रशांत कपिल ने बताया कि टीमें बदमाशों को चिन्हित करने में जुटी हैं। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

वही इससे पूर्व हाईवे पर पहली घटना 20 जुलाई की शाम राधा वैली के पास प्लाईवुड व्यापारी निलेश अग्रवाल के कर्मचारी 25 लाख रुपए से भरा बैग लेकर कार से जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने चालक से कहा कि कार के इंजन से ऑयल निकल रहा है। चालक जैसे ही गाड़ी रोककर बोनट देखने लगा, बदमाशों ने कर्मचारियों का ध्यान भटकाया और नकदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए। बैग गायब होने का पता चलते ही कर्मचारियों

ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। थाना हाईवे पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पहली घटना का खुलासा भी नहीं हो पाया था कि शुक्रवार शाम थाना हाईवे क्षेत्र में बदमाशों ने दूसरी बड़ी वारदात कर दी। लगातार हाइवे क्षेत्र मे पांच दिन

के अंदर दो बड़ी लूट की घटनाओं के होने से कानून व्यवस्था पर लगाया प्रश्न चिन्ह लगता नजर आ रहा हैं। वही एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि दोनों घटनाओं को पुलिस द्वारा गंभीरता से लिया गया है। कई पुलिस टीमें सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सर्विलांस और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही हैं। साथ ही व्यापारियों और संबंधित कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही दोनों मामलों का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। घटना के खुलासे के लिए एसएसपी श्लोक कुमार ने सर्विलांस, थाना हाईवे, फरह, रिफाइनरी और एसओजी सहित एक दर्जन टीमें लगाई। पुलिस अब तक 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल चुकी है। साथ ही वारदात में इस्तेमाल बाइक और आरोपियों की तलाश में आसपास के जिलों में भी दबिशे दी जा रही है।

सीओ रिफाइनरी प्रवीण कुमार तिवारी ने अभी हाल ही मे हुई दोनों घटनाओ के खुलासे के संबंध मे बताया की टप्पेवाजो द्वारा 20 जुलाई को प्लाईवुड व्यापारी के कर्मचारी से 25 लाख रुपए का बैग लेकर फरार वाली घटना के अनावरण मे सफलता के बिल्कुल नजदीक हैं, अनावरण बहुत जल्द कर दिया जायेगा। वही दूसरी घटना के अनावरण मे लगातार टीमें कार्य कर रही हैं जल्द खुलाशा हो जायेगा।

मीरजापुर भाजपा कार्यालय में संत रविदास की 650वीं जयंती पर समरसता संकल्प अभियान की कार्यशाला, 29 को वाराणसी से लाया जाएगा कलश

मीरजापुर। पं0 दीनदयाल पुरम कॉलोनी, बरौधा कचार, मीरजापुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज जी की अध्यक्षता में संत शिरोमणि संत रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में समरसता संकल्प अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जी ने मंडल अध्यक्ष एवं प्रभारियों को निर्देशित किया कि 29 जुलाई को जिले की टोली को वाराणसी में श्री गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थली श्री गोवर्धनपुर, वाराणसी में पहुंचना है। वहां से कलश प्राप्त कर अपने जिले में लाया जाएगा। उसी प्राप्त कलश से अन्य नए कलश बनाए जाएंगे, जो प्रदेश के विभिन्न जिलों के मंदिरों में भेजे जाएंगे।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह ने किया। कार्यक्रम के जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष गौरव ऊमर हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित रहे विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक नगर पं0 रत्नाकर मिश्रा, विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्य, जिला उपाध्यक्ष हेमन्त त्रिपाठी, रवीन्द्र नारायण सिंह पटेल, इन्द्र कुमार सिंह, सुनीता शर्मा, उदयभान तिवारी जिला महामंत्री डॉ0 सी0एल0 बिन्द, जिलामंत्री संध्या पटेल, रोहित त्रिपाठी, डॉ0 विजय सिंह, पुनम चौरसिया, अनिल सिंह, आलोक सिंह, वीरेन्द्र प्रताप यादव, विरेन्द्र कुमार कोल, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रांशु गोयल, जिला मीडिया प्रभारी, भावेश शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज दूबे, जिला आईटी संयोजक अमित सिंह ,जिला संयोजक सोशल मीडिया आनन्द मैनी, विजय शक्ति दूबे मोर्चों के जिलाध्यक्ष, मण्डल प्रभारी एवं मण्डल अध्यक्षगण।

स्मैक का हिस्सा मांगा तो जिंदा कुएं में फेंक दिया!

बाजना में दोस्तों ने ही 3 साल पहले की थी लाखन की हत्या

नशे के धंधे की कमाई हड़पने के लिए रची साजिश, हाईवे पुलिस ने 28 साल के युवक के हत्यारे 2 दोस्तों को दबोचा

(ए.के.शर्मा)(मथुरा)

दोस्ती का खून! नशे की लत और स्मैक के मोटे मुनाफे ने 3 दोस्तों की यारी को कब्र बना दिया। मथुरा के थाना हाईवे पुलिस ने 3 साल पुराने बाजना गुमशुदगी कांड का पर्दाफाश कर सनसनी फैला दी है।

लापता दिखाए गए 28 वर्षीय लाखन सिंह की हत्या उसके ही 2 करीबी दोस्तों ने की थी। आरोप है कि उसे नशे में धुत कर जिंदा कुएं में फेंक दिया और ऊपर से मिट्टी डाल दी। 3 साल पुराना राज खोलते हुए 25 जुलाई रात 10रू42 बजे मुखबिर की सूचना पर हाईवे पुलिस की 2 टीमों ने रेलवे लाइन अंडरपास, गांव बाजना से 2 आरोपियों 40 वर्षीय टीकम खान पुत्र छिंगा और 36 वर्षीय महेश पुत्र मोहन को दबोचा।

ष्हिस्सा नहीं दिया तो उठवा दूंगाष् और उठा ही दिया

पूछताछ में आरोपियों ने जो बताया वो सुनकर पुलिस भी सन्न रह गई। करीब 3 साल पहले ये तीनों लाखन, टीकम और महेश साथ में स्मैक का नशा करते थे। लाखन राजस्थान के लोगों को स्मैक बेचकर मोटा पैसा कमाता था। जब टीकम और महेश ने धंधे में हिस्सेदारी मांगी तो लाखन भड़क गया। गाली देते हुए धमकाया कि ष्राजस्थान के लड़कों से उठवा दूंगाष्। बस! इसी एक धमकी ने दोनों दोस्तों को हत्यारा बना दिया। आरोपितों ने बताया कि प्लान के तहत तीनों सुनसान चौबे वाले खेत के कुएं के ऊपर बने कमरे में स्मैक पीने गए। वहां पहले लाखन को नशे में धुत किया। फिर टीकम ने हाथ और महेश ने पैर पकड़ा और जिंदा लाखन को कुएं में धकेल दिया। सबूत मिटाने के लिए ऊपर से मिट्टी–कचरा डाल दिया। इसके बाद शातिराना अंदाज में ये दोनों परिवार वालों के साथ लाखन को ष्ढूंढनेष् का नाटक भी करते रहे, ताकि किसी को शक न हो। 20 अक्टूबर 2023 को मृतक के भाई राजेश ने लाखन की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। अब भाई ब्रजमोहन की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या– 732द्2026 धारा– 103(1)द्238 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेजा दिया है। नशे के एक पाउच ने 3 साल पुराने दोस्तों के रिश्ते को मौत में बदल दिया। पुलिस अब कुएं से शव बरामद कर बाकी नेटवर्क खंगालने में जुटी है।

कारगिल विजय दिवस पर सिविल डिफेंस प्रयागराज ने वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

प्रयागराज। कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर सिविल डिफेंस प्रयागराज द्वारा अमर वीरों के सम्मान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फील्ड मार्शल के. एम. करियप्पा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर देश के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को

नमन किया गया।

कार्यक्रम में डिप्टी कंट्रोलर नीरज मिश्रा, सीनियर एडीसी राकेश तिवारी, चीफ ऑफिसर अनिल गुप्ता, डिविजनल वार्डन रौनक गुप्ता, मनी मेहरा, सुनील गुप्ता, फायर फाइटर नितीश शुक्ल सहित विभिन्न प्रखंडों के वार्डन एवं स्वयंसेवकों ने सहभागिता करते हुए वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

वक्ताओं ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। उनका बलिदान प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लेते हुए भारत माता के अमर वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

संत रविदास जी की 650वीं जयंती पर भाजपा मथुरा कार्यालय में ष्समरसता अभियानष् की कार्यशाला संपन्न

(मथुरा)

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती के अवसर पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी मथुरा जिला कार्यालय पर ष्समरसता अभियानष् की कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे द्वारा की गई। कार्यक्रम के संयोजक आकाश चौधरी एवं सह संयोजक भानु

, ज्ञानेंद्र,विक्रम, मेरुकांत रहे। मुख्य वक्ता के रूप में बलदेव के विधायक पूरन प्रकाश मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री अमन ठाकुर ने किया।

जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने कहा कि संत रविदास जी ने समानता, भाईचारा और स्वच्छता का संदेश दिया। ष्मन चंगा तो कठौती में गंगाष् उनका मूल मंत्र था। भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उसी विचार पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 29 जुलाई से प्रारंभ होकर 20 फरवरी तक चलेगा।

विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि रविदास जी ने ष्ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न। छोट बड़ो सब सम बसेष का सपना देखा था। आज केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से उस सपने को साकार किया जा रहा है।

कार्यक्रम संयोजक आकाश चौधरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी इस अभियान को 5 भागों में चलाएगी। मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत दीप प्रज्वलन, कलश यात्रा, समरसता यात्रा, गुरुजनों का स्वागत कार्यक्रम' आदि आयोजित किए जाएंगे। जिले के सभी मंडलों में संत रविदास जयंती मनाई जाएगी।इस दौरान बैठक में

अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सतीश, ज्ञानेंद्र चौहान, जिला उपाध्यक्ष अनिल चौधरी, जिला महामंत्री सतपाल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मनीषा पाराशर, ब्लॉक प्रमुख अनिल ठाकुर, विक्रम भानु , संजय दीक्षित ,अजय जाटव,सुरेश तरकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गतिमान पत्रिका का हुआ लोकार्पण

विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह में वार्षिक पत्रिका ष्गतिमानष् का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने पत्रिका का अनावरण किया। पत्रिका में वर्ष भर की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ, स्वर्ण पदक विजेताओं के गौरवमय क्षण और प्रतिष्ठित अतिथियों के प्रेरक विचार शामिल हैं। हर पृष्ठ पर विश्वविद्यालय की उपलब्धियाँ, शोध कार्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शैक्षिक गतिविधियाँ स्पष्ट और रोचक तरीके से प्रस्तुत की गई हैं।

आंगनबाड़ी केंद्रों को राज्यपाल ने किट सौंपे

जौनपुर। 500 आंगनबाड़ी किट का वितरण किया गया। इसमें 100 किट वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, 200 आंगनबाड़ी किट जिला प्रशासन और 200 किट जिला प्रशासन गाजीपुर की ओर से दिया गया। गोद ली गई ग्रामीण आंगनबाड़ियों तथा अन्य के लिए 67 वस्तुओं के किट (ट्राइसाइकिल, झूला, स्टोरी बुक, व्हाइट बोर्ड, कुर्सी, किडनी सेप टेबल, हार्स राइडिंग आदि) का वितरण कर राज्यपाल ने बाल विकास एवं सामुदायिक सशक्तिकरण को महत्वपूर्ण ताकत दी। इस दौरान डीएम, सीडीओ जौनपुर और गाजीपुर के साथ–साथ विश्वविद्यालय के सीएसआर प्रतिनिधि आनन्द कुमार, उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक वाराणसी मंडल भी उपस्थित रहे।

101 रैपिड एक्शन फोर्स, प्रयागराज में 88वाँ सीआरपीएफ स्थापना दिवस उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया

विजडम इंडिया

प्रयागराज (विनोद द्विवेदी जिला संवाददाता)101 रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) प्रयागराज में कमाडेंट श्री मनीष कुमार भारती के निर्देशन में 88वें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) स्थापना दिवस का आयोजन पूरे उत्साह, गौरव एवं देशभक्ति की भावना के साथ किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी श्री हरिओम सागर, (कमाण्डेन्ट–AOD) 101 द्रुत कार्य बल ने शहीद स्मारक पर शहीदों को भावभीनी श्रद्धाजंली अर्पित की एवं परम्परागत तरीके से क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली। तत्पश्चात् सभी जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'स्थापना दिवस' न केवल सी. आर.पी.एफ इतिहास को याद करने का दिन है, बल्कि यह उन जवानों को श्रद्धाजंलि देने का अवसर भी है, जिन्होने राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी। आइए, इस पावन अवसर पर हम सभी मिलकर इस महान बल के प्रति अपना सम्मान प्रकट करे और संकल्प लें कि हम राष्ट्र की एकता और अखण्डता के लिए सदैव सजग रहेगें। अन्त में महोदय ने सभी जवानों को मिस्ठान वितरण कर केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल के 88वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इसी क्रम में स्थापना दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु वाहिनी परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकारियों. जवानों एवं परिवारजनो ने विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। उपस्थित सभी कार्मिकों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए जन–जागरूकता फैलाने हेतु भी प्रेरित किया गया। साथ ही जवानों के मध्य वॉलीबॉल प्रतियोगिता एवं बच्चों के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित आकर्षक चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विजेताओं को प्रोत्साहित किया गया।की

कार्यक्रम के अंतर्गत दिनभर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के उपरांत सभी अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों के लिए बड़ा खाना का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने एक साथ सहभागिता कर स्थापना दिवस की खुशियाँ साझा कीं। फिलउक्त अवसर पर श्री दिनेश चन्द्र सिंह (द्वि०कमा०अधि०) श्री नितिन कुमार (उप. कमा.), श्री यज्ञ कुमार सिंह (उप. कमा.), एवं अन्य अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण, जवान व महिला कार्मिक उपस्थित रहे ।

अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

सुल्तानपुर।जिले के बंधुआ कला थाना क्षेत्र में अनियंत्रित अज्ञात कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।गम्भीर हालत में बाइक सवारों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया।जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। सोमवार को बंधुआ कला थाना क्षेत्र में दादूपुर गांव के पास लखनऊ वाराणसी हाईवे पर अनियंत्रित अज्ञात कार ने बाइक सवार वली मोहम्मद(60)पुत्र सलामत उल्ला व लईक अहमद (45)पुत्र बशीर निवासीगण मवैया थाना कुड़वार को टक्कर मारते हुए सुल्तानपुर की तरफ भाग गई।राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया।जहां चिकित्सक ने वली मोहम्मद को मृत घोषित कर शव मर्चुरी में रखवा दिया।दूसरे घायल लइक का इलाज चल रहा है।चिकित्सक की सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।थानाध्यक्ष बंधुआ कला प्रमोद कुमार ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज आदि से वाहन की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

कारगिल युद्ध में विपरीत परिस्थितियों में देश की सेवा सैनिकों ने अदम्य चाहत का परिचय दिया और युद्ध को जीता रामदुलार यादव

विजडम इंडिया

गाजियाबाद । आज दिनांक 26 जुलाई 2026 को शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव पार्क जी0 टी0 रोड साहिबाबाद के प्रांगण में "कारगिल विजय दिवस" समारोह का आयोजन किया गया, इस अवसर पर रि0 ले0 कर्नल अर्जुन सिंह यादव द्वारा लिखित पुस्तक "जरा याद करो कुर्बानी" तथा "सैनिकी" उपन्यास का लोकार्पण किया गया । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राम दुलार यादव शिक्षाविद रहे, अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डा0 विशन लाल गौड़ ने किया, मुख्य अतिथि कर्नल तुली साहेब, संचालन प्रसिद्ध पर्यावरणविद कालीचरण चौधरी ने किया द्य कार्यक्रम को पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार यादव, शिक्षक कैलाश चन्द्र, सम्राट सिंह यादव, श्रमिक नेता अनिल मिश्र, जय नारायण शर्मा, प्रवीण वर्मा ने भी संबोधित किया, हुकुम सिंह, राजेन्द्र सिंह, पंडित विनोद त्रिपाठी ने देश–प्रेम के गीत सुनाए, कार्यक्रम में शामिल सभी साथियों ने कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके सम्मान में 2 मिनट का मौन धारण किया, कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वजारोहण, राष्ट्रगीत तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया द्य

कार्यक्रम को समाजवादी चिन्तक, शिक्षाविद राम दुलार यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि "कारगिल युद्ध में विपरीत परिस्थितियों में देश की सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए धोखे से पाकिस्तान द्वारा कब्जा की गयी चौकियों पर निर्भीकता पूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहरा दिया" हमारे देश की सेना जाति, धर्म से ऊपर उठकर अपने कर्तव्य का सदा निर्वहन कर रही है, हमारी सेना धर्मनिरपेक्षता की मिसाल है, सभी भाई एक साथ मिलकर जूनून और जज्वे के साथ दुश्मन पर आक्रमण करते है, उन वीर सपूतों को सलाम जिनकी मेहनत और लगन से देश की सीमा की रक्षा करते हुए देश वासियों की सेवा कर रहे, कारगिल युद्ध 84 दिन चला, यह अफसोस के साथ कहना पड रहा है कि 527 से अधिक सैनिक अपने कर्तव्य का परिचय देते हुए शहीद हो गये तथा सैकड़ों घायल हुए, विक्रम बत्रा जी, मनोज पाण्डेय जी युद्ध में रणकौशल दिखाते हुए शहीद हो गये, उन्हें सेना के सर्वोच्च सम्मान "परमवीर चक्र" से मरणोपरान्त सम्मानित किया गया, तथा ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव को यह सम्मान परमवीर चक्र मिला, वह जीवित है, इस अवसर पर ज्ञानपीठ केन्द्र की ओर से सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए हम गौरव अनुभव करते हुए गौरवान्वित हो रहे हैद्य

लेकिन आज देश, समाज में नफरत, असहिष्णुता का वातावरण बनाया जा रहा है, आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षणिक विषमता की खांई गहरी होती जा रही है, धार्मिक पाखंड, जातिवाद का जहर समाज में घोला जा रहा है, हमें देश की सेना के जवानों से प्रेरणा लेकर देश में भाईचारा, प्रेम और सहयोग की भावना को पुष्पित पल्वित करनी चाहिए ।

कार्यक्रम में शामिल सभी साथियों को रिटायर्ड कर्नल अर्जुन सिंह यादव की लिखित पुस्तक "जरा याद करो कुर्बानी" और "सैनिकी" वितरित की गयी, सभी ने उनकी मुक्तकंठ से प्रसंशा की। कार्यक्रम में शामिल रहे एस0 एस0 यादव, कृष्णानंद, चन्द्रबली मौर्य, विश्वनाथ यादव, अवधेश मिश्र एडवोकेट, डा0 देवकर्ण चौहान, जय नारायण शर्मा, वीर सिंह सैन, राम प्यारे यादव, हाजी मोहम्मद सलाम, ब्रह्म प्रकाश, मुनीव यादव, विजय मिश्र, विजय भाटी एडवोकेट, दयाल शर्मा सैकड़ों लोगो ने शहीदों को नमन कर विजय दिवस समारोह को ऐतिहासिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

धर्मेंद्र प्रधान की सिर्फ मंत्री पद की कुर्सी गयी, राजनीतिक कद बरकरार है

मोदी सरकार संसद में पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक, 2026 भी लेकर आई है। सरकार का दावा है कि पेपर लीक जैसी घटनाओं पर कठोर कार्रवाई के लिए कानून को और मजबूत बनाया जा रहा है।भारतीय राजनीति में संदेश अक्सर शब्दों से नहीं, बल्कि प्रतीकों से दिए जाते हैं। संसद के मॉनसून सत्र में आज ऐसा ही एक प्रतीकात्मक दृश्य देखने को मिला। दो दिन पहले नीट पेपर लीक विवाद की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले धर्मेंद्र प्रधान जब संसद पहुंचे तो बीजेपी और एनडीए सांसदों ने उनका स्वागत विजेता की तरह किया। ष्धर्मेंद्र प्रधान जिंदाबादष के नारों से संसद परिसर गूंज उठा, पारंपरिक टोपी और शॉल पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया और मुस्कुराते हुए प्रधान ने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। यहीं से सियासत का नया अध्याय शुरू हो गया। विपक्ष ने सवाल दागा कि क्या यह इस्तीफे का सम्मान था या जवाबदेही का मजाक? कांग्रेस ने इसे उस नेता का महिमामंडन बताया जिसे देश की सबसे बड़ी परीक्षा से जुड़े कथित घोटाले के बाद पद छोड़ना पड़ा। धर्मेंद्र प्रधान के स्वागत समारोह पर कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने तीखा हमला बोला। उन्होंने बिलकिस बानो मामले का हवाला देते हुए कहा कि यह उसी राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा है जिसमें विवादों से घिरे लोगों का भी सार्वजनिक सम्मान किया जाता है। वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा सांसद प्रधान का स्वागत ऐसे किया जा रहा है कि मानो उन्होंने कोई बड़ी उपलब्धि हासिल की हो। उन्होंने आरोप लगाया कि देश ने पहले भी देखा है कि प्रधान ने अपने इस्तीफे में पेपर लीक के लिए माफी मांगने की बजाय छात्रों

पर ही ''गुमराह होने'' का आरोप लगाया था। रमेश ने कहा कि इसके बाद सभी केंद्रीय मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर प्रधान की ''वाहवाही'' की। कांग्रेस महासचिव ने कहा, ''हमारा मानना है कि यह पूरा घटनाक्रम अत्यंत शर्मनाक है और देश के युवाओं का घोर अपमान है।हालांकि बीजेपी के लिए धर्मेंद्र प्रधान केवल पूर्व शिक्षा मंत्री नहीं हैं। वह पार्टी के सबसे भरोसेमंद संगठनकर्ताओं में गिने जाते हैं। ओडिशा के एक राजनीतिक परिवार में जन्मे प्रधान ने छात्र राजनीति से शुरुआत की थी। एबीवीपी के कार्यकर्ता से लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, विधायक, सांसद और फिर केंद्रीय मंत्री बनने तक का उनका सफर संगठन की सीढ़ियां चढ़ते हुए तय हुआ। पेट्रोलियम मंत्री रहते हुए उज्ज्वला जैसी योजनाओं के विस्तार में उनकी अहम भूमिका रही, जबकि 2021 में उन्हें शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई। ओडिशा में बीजेपी का संगठन खड़ा करने का श्रेय भी काफी हद तक धर्मेंद्र प्रधान को दिया जाता है। 2017 के पंचायत चुनावों से लेकर 2019 के लोकसभा चुनाव और फिर 2024 में बीजेडी को सत्ता से बेदखल कर बीजेपी की ऐतिहासिक जीत तक, उनकी रणनीति निर्णायक मानी जाती है। अमित शाह के करीबी राजनीतिक प्रबंधकों में उनकी गिनती होती रही है। पार्टी के भीतर उन्हें करिश्माई वक्ता से ज्यादा भरोसेमंद रणनीतिकार और संकटमोचक के रूप में देखा जाता है। लेकिन शिक्षा मंत्रालय का कार्यकाल उनके राजनीतिक जीवन का सबसे कठिन अध्याय साबित हुआ। नई शिक्षा नीति, मातृभाषा आधारित शिक्षा और पीएम—श्री स्कूल जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाने के बावजूद उनका कार्यकाल लगातार विवादों में घिरा रहा। राष्ट्रीय परीक्षाओं में पेपर लीक के आरोप, एनटीए की कार्यप्रणाली पर सवाल, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं के आरोप, तमिलनाडु के साथ तीन—भाषा फार्मूले पर टकराव, शहिंदी थोपनेश के आरोप और शिक्षा संस्थानों के कथित भगवाकरण को लेकर विपक्ष के हमले लगातार उनका पीछा करते रहे। अंततः नीट विवाद वही मोड़ बन गया जिसने उन्हें पद छोड़ने पर मजबूर कर दिया।देखा जाये तो संसद में धर्मेंद्र प्रधान को मिले सम्मान ने यह संकेत भी दे दिया कि भाजपा उन्हें राजनीतिक रूप से कमजोर पड़ने नहीं देना चाहती। माना जा रहा है कि उन्हें जल्द ही पार्टी संगठन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष या महासचिव पद की जिम्मेदारी देने के अलावा उत्तर प्रदेश का चुनाव प्रभारी भी बनाया जा सकता है। बहरहाल, सभी को यह समझना होगा कि भारतीय जनता पार्टी शायद उन पुराने कॉलेजों की तरह नहीं है, जहां लकड़ी की बेंचों पर सिर्फ लोकप्रिय नारे लिखे मिलते हैं। उसकी राजनीतिक शिक्षा सत्ता के कठिन संघर्षों से हुई है, जहां आज से ज्यादा कल की चिंता होती है। शायद इसी वजह से पार्टी ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को अंत नहीं, बल्कि अगले अध्याय की शुरुआत की तरह पेश किया है। अब असली सवाल यह है कि क्या संसद में गूंजे धर्मेंद्र प्रधान षजिंदाबादष के नारे जनता के मन में उठे उन सवालों को भी दबा पाएंगे, जो लाखों छात्रों के भविष्य और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता से जुड़े हैं?

सम्पादकीय

बहस से ज्यादा अपेक्षा टकराव

विचारधारा, नीति, कार्यक्रम, चुनाव घोषणापत्र आदि का आज क्या औचित्य रह गया है? अगर ये राजनीति के प्रेरक तत्व ना रहें, तो फिर पहलवानी के अखाड़े और संसद के बीच क्या फर्क रह जाएगा? मानसून सत्र की शुरुआत के साथ संसद का नजारा कुछ बदला नजर आएगा। यह संभवतरू पहला मौका है, जब बिना चुनाव हुए सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के संख्या बल में गुणात्मक बदलाव हुआ दिखेगा। बजट सत्र के बाद तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव) बड़ी टूट—फूट हो चुकी है, जबकि एनसीपी (शरद पवार गुट) के रुख में बदलाव के संकेत मिले हैं। इससे बिना नया जनादेश आए ही सत्ताधारी एनडीए मजबूत हो गया है। इस हद तक कि अभी दो महीने पहले लोकसभा सीटों के परिसीमन के मकसद से लाया गया जो विधेयक गिर गया था, सत्ता पक्ष उसे फिर से लाने की तैयारी में दिखा है।

इसी तरह विवादास्पद विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक—2025 और गिरफ्तारी होने पर 30 दिन के अंदर मुख्यमंत्रीध मंत्री पद खत्म करने का प्रावधान करने वाले विधेयक को भी लाने की चर्चा थी (जिसका इरादा शायद टाल दिया है)। पिछले सत्र तक इन विधेयकों के पारित होने की संभावना बेहद कमजोर थी। अभी भी इनके लिए सरकार संख्या बल का पूरा इंतजाम नहीं कर पाई है, लेकिन कुछ और जोड़—तोड़ में कामयाब रही, तो इनके पारित होने की संभावना बन सकती है। मगर यही समस्या है। वह संभावना 2024 में आए जनादेश की भावना के विपरीत होगी। मुद्दा है कि दांव—पेच से जनादेश की भावना को इस तरह धता बताने का चलन आम हो जाता है, तो फिर विचारधारा, नीति, कार्यक्रम, चुनाव घोषणापत्र आदि का क्या औचित्य रह जाएगा?ये राजनीति के प्रेरक तत्व ना रहें, तो फिर पहलवानी के अखाड़े में होने वाली जोर—आजमाईश और संसदीय प्रक्रियाओं के बीच क्या फर्क रहेगा? क्या उसके बाद भी संसद को बहस के जरिए अधिकतम संभव सहमति निर्माण का मंच माना जा सकेगा? दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत में इन प्रश्नों के उत्तर लगातार नकारात्मक होते गए हैं। संसद शोर, हंगामे, वॉकआउट, बहिष्कार, और कई बार तो शारीरिक बल के जरिए झड़पों का स्थल बनती चली गई है। नतीजतन, अधिवेशनों से पहले गंभीर बहस से ज्यादा अपेक्षा टकराव और तू तू—मैं— मैं की रहने लगी है। मानसून सत्र के पहले भी राजनीतिक क्षितिज पर यही माहौल हावी नजर आया है।

सो, जैसा राजा मिला है उसे स्वीकार करें

जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से उन्होंने स्वंय, उनकी पार्टी के नेताओं और संघ के पदाधिकारियों ने सैकड़ों बार जनता को उसके कर्तव्यों की याद दिलाई है। बार बार कहा है कि नागरिकों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। यह भी कहा गया कि देश में लोग अधिकार की बात तो करते हैं लेकिन कर्तव्य की बात नहीं करते हैं। दावा किया गया कि अगर नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन ठीक ढंग से करेंगे तभी भारत विकास करेगा। अच्छी बात है कि नागरिकों को अपने कर्तव्य निभाने चाहिए। उसे समय पर टैक्स भरना चाहिए। उसे अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए। उसे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले काम नहीं करने चाहिए। उसे ईमानदार होना चाहिए। आदि आदि।सवाल है सरकार का क्या दायित्व है? नागरिक क्यों सरकार चुनते हैं? इसलिए क्योंकि जो काम वे खुद नहीं कर सकते हैं उन कार्यों को जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ करने के लिए सरकार चुनी जाती है। लोग अपने अधिकार का समर्पण करते हैं और अपनी कमाई के पैसे सरकार चलाने के लिए देते हैं। लेकिन बदले में उन्हें क्या मिलता है? नेताओं का भाषण! सरकार उलटे नागरिकों से ही उम्मीद लगाए बैठी हैं कि वे सब काम करेंगे और सरकार में बैठे हुए लोग राज करेंगे।अब भारत में किसी चीज के लिए सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं है। सरकार का काम सिर्फ इतना दिख रहा है कि वह लोगों से टैक्स वसूले और सरकार में शामिल लोगों के वेतन, भत्ते, पेंशन आदि की व्यवस्था करे। सरकार चलाने में होने वाली हर गड़बड़ी को इस तर्क से ढका जाता है कि इतना बड़ा देश है, इतनी बड़ी व्यवस्था है, इतनी आबादी है तो थोड़ी बहुत गड़बड़ तो होगी ही।सोचें, इस तर्क पर। यह कितना अवैज्ञानिक और सुविधाजनक तर्क है। क्या व्यवस्था इस तरह से काम करती है? अगर किसी काम के लिए कोई नियम बना है, कोई व्यवस्था बनी है तो वह ठीक तरीके से काम करनी चाहिए और अगर काम ठीक से नहीं हो रहा है तो उसे करने वाले लोगों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। लेकिन इतने बड़े देश का तर्क दिया जाता है इसका मतलब ही है कि सब कुछ संयोगों के सहारे चल रहा है। इतना बड़ा देश कोई आदमी कैसे चला सकता है।मतलब भगवान ही इस देश को चला रहे हैं। तब भगवान को कोई कैसे जिम्मेदार ठहरा सकता है? हां, भारत अब राज्य की उत्पत्ति के दैवीय सिद्धांत के आधार पर संचालित हो रहा है। राज्य की उत्पत्ति का दैवी सिद्धांत कहता है कि राजा अगर अच्छा है तो इसका मतलब है कि ईश्वर प्रजा से खुश हैं और उन्होंने अच्छा राजा दिया है। राजा अगर बुरा है तो इसका मतलब है कि ईश्वर प्रजा को दंड देना चाहते हैं इसलिए उन्होंने बुरा राजा दिया। सो, जैसा राजा मिला है

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा का शाश्वत सियासी संदेश

देखा जाए तो जिस तरह से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा तुरंत स्वीकार कर शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार कर्नाटक मूल के भाजपा नेता प्रह्लाद जोशी को सौंप दिया है, उसके निहितार्थ को भी समझे जाने की जरूरत है। ऐसा इसलिए कि यह सबकुछ अनायास नहीं बल्कि सुनियोजित तरीके से संपन्न हुआ। केंद्रीय शिक्षा मंत्री पद से कद्दावर ओबीसी नेता धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को केवल भाजपा के एक व्यक्ति का इस्तीफा मानना पर्याप्त नहीं होगा। ऐसा इसलिए कि वह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नवरत्नों में शुमार किये जाते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्वास भी उन्हें हासिल था। बावजूद इसके भारी जनदबाव के बीच यदि उन्हें इस्तीफा देना पड़ा तो इसे कई स्तरों पर भाजपाध आरएसएस के राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि लोकतांत्रिक राजनीति में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए जवाबदेही, पारदर्शिता और प्रभावी शासन सबसे महत्वपूर्ण पूंजी हैं। देखा जाए तो जिस तरह से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा तुरंत स्वीकार कर शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार कर्नाटक मूल के भाजपा नेता प्रह्लाद जोशी को सौंप दिया है, उसके निहितार्थ को भी समझे जाने की जरूरत है। ऐसा इसलिए कि यह सबकुछ अनायास नहीं बल्कि सुनियोजित तरीके से संपन्न हुआ। थोड़ी नरमी सीजेपी के आंदोलनकारियों यथा— सोनम वांगचुक और अभिजीत दीपके ने दिखाई और थोड़ी भाजपा सरकार के जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह जैसे सिपहसालार ने।वास्तव में, धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भारतीय राजनीति में तीन बड़े संदेश देता हैकृजवाबदेही, जनदबाव की प्रभावशीलता और शिक्षा—युवा मुद्दों की बढ़ती राजनीतिक अहमियत। लेकिन इसके दीर्घकालिक राजनीतिक प्रभाव इस बात पर निर्भर करेंगे कि सरकार परीक्षा प्रणाली में कितने प्रभावी सुधार करती है और विपक्ष इस मुद्दे को कितनी देर तक राजनीतिक रूप से जीवित रख पाता है।सच कहूं तो 12 वर्षों में पहली बार केंद्र सरकार धर्मसंकट में फंसी थी, इसलिए उसने इंद्रप्रस्थ के इतिहास से सबक लेते हुए धृतराष्ट्र हठ का परित्याग किया और राष्ट्रवादी सूझबूझ प्रदर्शित किया। क्योंकि छात्र आंदोलन और जनदबाव को शांत करना, संसद और विपक्ष के साथ टकराव कम करना, शिक्षा मंत्रालय में नई शुरुआत का संदेश देना और सरकार की व्यापक राजनीतिक छवि को होने वाले नुकसान को सीमित करना, उसका तात्कालिक कर्तव्य समझा गया। जो एक हदतक सही भी है।जानकारों की मानें तो केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्र आंदोलनों, विपक्ष के दबाव और परीक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवालों के बीच आया है। चूंकि अपने पत्र में धर्मेंद्र प्रधान ने स्पष्ट कहा कि वे छात्रों का भविष्य प्रभावित नहीं होने देना चाहते और स्थिति का दुरुपयोग न हो, इसलिए उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ा।

इस अप्रत्याशित राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यदि किसी बड़े जनदबाव के बाद मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हुआ है, तो यह अनायास नहीं है, बल्कि भाजपा की सोची, समझी व गुनी हुई राजनीति है। इससे भाजपा सहित सभी दलों और सभी सामाजिक समूहों के नेताओं के लिए कुछ स्थायी सीख निकलती है और इसे सभी को समय रहते ही समझना होगा। पहला, सरकार की डैमेज कंट्रोल रणनीतिरू यदि सरकार को लगा कि विवाद पूरे शासन की छवि पर भारी पड़ रहा है, तो किसी एक मंत्री का इस्तीफा देकर व्यापक राजनीतिक नुकसान सीमित करने की कोशिश की जा सकती है। यह संसदीय और राजनीतिक दबाव कम करने की रणनीति भी हो सकती है। चूंकि जनता की अपेक्षाएँ किसी भी जातीय पहचान से बड़ी होती हैं। लिहाजा किसी नेता की जातीय पृष्ठभूमि से अधिक महत्व उसके कामकाज, जवाबदेही और परिणामों का होता है। इसलिए सरकार ने सही वक्त पर सटीक पोस्टमार्टम किया है और विभागीय कचरों तक की सफाई करवा डाली है।दूसरा, जवाबदेही का संदेशरू लगातार छात्र आंदोलनों और परीक्षा विवादों के बीच एक वरिष्ठ मंत्री का इस्तीफा यह संकेत देता है कि बड़े जनदबाव की स्थिति में सरकार राजनीतिक जवाबदेही दिखाने का विकल्प चुन सकती है। क्योंकि जवाबदेही स्वीकार करना कभी—कभी राजनीतिक नुकसान कम कर सकता है। वहीं लोकतांत्रिक व्यवस्था में समय पर जिम्मेदारी लेना लंबे समय में पार्टी नेतृत्व का भरोसा बढ़ा सकता है।तीसरा, युवाओं की राजनीतिक शक्ति का संकेतरू छात्र आंदोलनों ने यह साफ संदेश दिया कि रोजगार, परीक्षा और शिक्षा जैसे मुद्दे अब राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इससे भविष्य में सरकारें इन विषयों पर अधिक सतर्क रह सकती हैं। चूंकि युवा मतदाता मुद्दा—आधारित राजनीति को महत्व देते हैं। इसलिए रोजगार, शिक्षा, परीक्षा की निष्पक्षता और अवसर जैसे विषय जातीय समीकरणों से ऊपर भी राजनीतिक प्रभाव डाल सकते हैं। युवा मतदाताओं को संदेश कि सरकार जल्द परीक्षा सुधार, पारदर्शिता और दोषियों पर कार्रवाई करती है। ऐसा करके उसने राजनीतिक नुकसान कम करने की पहल की है। क्योंकि केवल इस्तीफा पर्याप्त नहीं होगा। चौथा, सरकार ने जनदबाव को स्वीकार कियारू लंबे समय बाद किसी बड़े केंद्रीय मंत्री का इस्तीफा सार्वजनिक दबाव के बाद हुआ है। इससे यह संदेश गया कि सरकार ने राजनीतिक नुकसान सीमित करने का रास्ता चुना। यदि विशेष रूप से भाजपा के ओबीसी नेताओं या सवर्ण नेताओं की बात करें, जो पार्टी की रीढ़ समझे जाते हैं, तो उन्हें यह समझाने का रणनीतिक प्रयत्न है कि किसी भी नेता को केवल अपनी सामाजिक पहचान पर नहीं, बल्कि सुशासन, संगठन क्षमता और जनविश्वास पर अपनी राजनीतिक स्वीकार्यता बनानी चाहिए। अन्यथा देर सबेर हुई सार्वजनिक लापरवाही की कीमत चुकानी पड़ेगी।पांचवां, विपक्ष को मनोवैज्ञानिक बढ़तरू विपक्ष इसे अपनी राजनीतिक जीत और जनदबाव की सफता के रूप में प्रस्तुत करेगा, जबकि सत्तापक्ष इसे व्यवस्था सुधार और नैतिक जिम्मेदारी के रूप में पेश करने का प्रयास करेगा। वाकई यह विपक्ष के लिए मनोवैज्ञानिक बढ़त है, क्योंकि विपक्ष इसे अपनी जीत बताएगा और भविष्य के आंदोलनों में इसे उदाहरण के रूप में पेश करेगा। सवाल है कि क्या यह विपक्ष के सामने घुटने टेकने की शुरुआत है?

ज्ञान, बुद्धि और विवेक रू जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति

ज्ञान की नदी, बुद्धि का प्रवाह और विवेक का सागर

तेजबहादुर सिंह भुवाल

आज दुनिया अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। विज्ञान, तकनीक और संचार के क्षेत्र में हो रहे तेज विकास ने मनुष्य के जीवन को सुविधाजनक बना दिया है। एक क्लिक पर अनगिनत जानकारियाँ उपलब्ध हैं, लेकिन क्या केवल जानकारी का होना ही मनुष्य को महान बना देता है? इसका उत्तर स्पष्ट हैकृनहीं। जीवन को सार्थक बनाने के लिए ज्ञान के साथ बुद्धि और विवेक का होना अनिवार्य है। यही तीनों गुण व्यक्ति के चरित्र, व्यक्तित्व और भविष्य की वास्तविक पहचान बनते हैं।

ज्ञान वह प्रकाश है जो जीवन के अंधकार को दूर करता है। यह हमें शिक्षा, अनुभव, अध्ययन, प्रकृति और समाज से प्राप्त होता है। ज्ञान मनुष्य को जागरूक बनाता है, उसकी सोच का विस्तार करता है और उसे नई संभावनाओं से परिचित कराता है। किंतु केवल ज्ञान अर्जित कर लेना ही पर्याप्त नहीं है। यदि ज्ञान व्यवहार में न उतरे, तो वह पुस्तकों के पन्नों तक ही सीमित रह जाता है।

ज्ञान को सार्थक बनाने का कार्य बुद्धि करती है। बुद्धि वह क्षमता है, जो सही समय पर सही निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करती है। जीवन में अनेक अवसर ऐसे आते हैं, जब व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। उस समय केवल जानकारी नहीं, बल्कि सूझ—बूझ और दूरदर्शिता काम आती है। बुद्धिमान व्यक्ति समस्याओं से घबराता नहीं, बल्कि उनका समाधान खोजता है। वह परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालना जानता है और असफलताओं को भी सीखने का अवसर बना लेता है।

इन दोनों से भी श्रेष्ठ स्थान विवेक का है। विवेक वह आंतरिक चेतना है, जो हमें सही और गलत, न्याय और अन्याय, सत्य और असत्य के बीच अंतर करना सिखाती है। विवेक ही मनुष्य को नैतिक बनाता है। जब ज्ञान और बुद्धि के साथ विवेक जुड़ जाता है, तब व्यक्ति अपने निर्णय केवल स्वार्थ के आधार पर नहीं, बल्कि समाज और मानवता के हित को ध्यान में रखकर लेता है। यही गुण एक सामान्य व्यक्ति को असाधारण बना देता है।

वर्तमान समय में ज्ञान का विस्फोट हुआ है, लेकिन विवेक का संकट भी उतना ही गहरा दिखाई देता है। सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों ने सूचनाओं का अंबार खड़ा कर दिया है। बिना सत्यापन के खबरें साझा करना, अफवाहों पर विश्वास करना और बिना सोचे—समझे प्रतिक्रिया देना इस बात का संकेत है कि ज्ञान उपलब्ध है, पर विवेक का उपयोग कम हो रहा है। इसलिए आज आवश्यकता केवल शिक्षित लोगों की नहीं, बल्कि विवेकशील नागरिकों की है। हमारे परिवार, विद्यालय और समाज की जिम्मेदारी है कि वे नई पीढ़ी को केवल प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि बहुमूल्य जीवन के लिए तैयार करें। बच्चों में पढ़ने की आदत, प्रश्न पूछने का साहस, तर्क करने की क्षमता और नैतिक मूल्यों का विकास ही उन्हें सच्चे अर्थों में शिक्षित बनाएगा। चरित्र के बिना ज्ञान विनाश का कारण बन सकता है, जबकि विवेकयुक्त ज्ञान समाज के विकास का आधार बनता है।

इतिहास इस बात का साक्षी है कि महान व्यक्तियों की पहचान केवल उनके ज्ञान से नहीं, बल्कि उनके विवेकपूर्ण निर्णयों से बनी। उन्होंने अपने ज्ञान और बुद्धि का उपयोग मानवता के कल्याण के लिए किया। यही कारण है कि उनका जीवन आज भी प्रेरणा का स्रोत है। ज्ञान हमें सीखने की प्रेरणा देता है, बुद्धि हमें सोचने की क्षमता प्रदान करती है और विवेक हमें सही मार्ग पर चलने की शक्ति देता है। यदि इन तीनों का संतुलित विकास हो जाए, तो व्यक्ति न केवल अपने जीवन में सफलता प्राप्त करता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि हम केवल ज्ञानवान बनने का प्रयास न करें, बल्कि बुद्धिमान और विवेकशील भी बनें। यही जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि और सच्ची संपत्ति है।

महाभारत में महर्षि वेदव्यास ने कहा है कि सभी प्राणियों में मनुष्य सबसे श्रेष्ठ है। इसका कारण उसकी शक्ति, ज्ञान या बुद्धि नहीं, बल्कि उसका विवेक है। विवेक ही मनुष्य को सही और गलत, उचित और अनुचित का निर्णय लेने की क्षमता देता है। यही गुण उसे अन्य प्राणियों से अलग और श्रेष्ठ बनाता है। आज जब विवेक का स्थान स्वार्थ ने ले लिया है, तब समाज में अपराध, नशाखोरी, मिलावट, भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, हिंसा, तनाव और आपसी वैमनस्य जैसी समस्याएँ बढ़ती जा रही हैं। इन बुराइयों ने मनुष्य को सुख और शांति से दूर कर दिया है। भौतिक सुविधाएँ बढ़ने के बावजूद मानसिक संतोष और आत्मिक शांति कम होती जा रही है। मनुष्य एक सामाजिक और जिम्मेदार प्राणी है। उसकी श्रेष्ठता तभी सार्थक है, जब वह अपने विवेक का सही उपयोग करे। विवेक ही वह प्रकाश है, जो हमें सही राह दिखाता है और सत्य—असत्य, न्याय—अन्याय तथा अच्छे—बुरे में अंतर करना सिखाता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति विवेकपूर्ण जीवन अपनाए, तो न केवल उसका अपना जीवन सुखी होगा, बल्कि समाज भी अधिक संवेदनशील, शांतिपूर्ण और मानवीय बनेगा। जीवन की वास्तविक सफलता केवल अधिक जानने में नहीं, बल्कि सही समझने और सही कार्य करने में है। ज्ञान हमें जानकारी देता है, बुद्धि उसे समझने की क्षमता देती है और विवेक उस समझ को मानवता, नैतिकता और लोककल्याण की दिशा में ले जाता है। जब ज्ञान, बुद्धि और विवेक एक साथ जीवन में उतरते हैं, तभी व्यक्ति केवल सफल नहीं, बल्कि आदर्श और प्रेरणास्रोत भी बनता है।

आज का राशिफल

मेष राशि—
आज का दिन आपके लिए नई ताजगी से भरा रहने वाला है। आज आपके साकारात्मक व्यक्तित्व से लोग आपसे प्रभावित होंगे।

वृष राशि—
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज अपनी खास बात किसी से शेयर ना करें।

मिथुन राशि—
आज का दिन आपके जीवन में नए परिवर्तन लेकर आने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और रहन—सहन के प्रति आपका अधिक सजग रहना लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा।

कर्क राशि—
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपने अपनी दिनचर्या और काम करने के तरीके में बदलाव लाने के लिए जो योजनाएं बनाई हैं, आज उन पर अमल करने का उचित समय है।

सिंह राशि—
आज का दिन आपके लिए नई उमंगों से भरा रहने वाला है। किसी नए काम की शुरुआत से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी अवश्य करें।

कन्या राशि—
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आस—पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नयी ऊर्जा का संचार होगा।

तुला राशि—
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि घर या प्रॉपर्टी से जुड़ी योजना बन रही है, तो आज उसके पूरा होने का समय आ गया है। आज का समय आपके लिए उपलब्धियों वाला है।

वृश्चिक राशि—
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है।आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे।

धनु राशि—
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी करीबी की सलाह मिलने से आपका हौसला बढेगा और आप काम को बढ़िया तरीके से करेंगे।

मकर राशि—
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े कामों पर अधिक ध्यान देंगे कुछ नई योजनाएं भी बनाएंगे। आज आपकी इनकम अच्छी रहेगी।

कुम्भ राशि—
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। लोगों के मन में आपके प्रति सम्मान का भाव रहेगा यह देखकर आपको खुशी होगी।

मीन राशि—
आज आपका दिन मिला—जुला रहेगा। आज अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाने से आने वाले दिनों मे आपको सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

गोमाता केवल धार्मिक आस्था का ही नहीं, बल्कि जनकल्याण का भी महत्वपूर्ण आधार हैं

मीरजापुर। गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत सोमवार को जिलाधिकारी के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना–पत्र एवं ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञातव्य है कि पिछले लगभग छह माह से देशभर के संतों, गौसेवकों एवं गोभक्तों के नेतृत्व में गो सम्मान आह्वान अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में गोहत्या–निषेध हेतु केंद्रीय कानून, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान, गोचर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराना, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, केंद्रीय गो–चारा नीति का निर्माण तथा कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा एवं मानव जीवन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों को गो–केंद्रित राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाने सहित 30 से अधिक प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखी गई हैं। इन मांगों के समर्थन में देशभर में व्यापक जनजागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान के प्रथम चरण में 27 अप्रैल 2026 को देश की लगभग 5,000 तहसीलों के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना–पत्र राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्रियों को सौंपे गए थे। इन मांगों पर अपेक्षित निर्णय न होने के कारण अभियान के द्वितीय चरण में आज पुनः देशभर के सभी जिलों से 15 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित अनुस्मारक प्रार्थना–पत्र सरकार को प्रेषित किए गए। जनपद की ओर से भी लगभग 392991 नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना पत्र संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ निर्धारित शुभ मुहूर्त में गोमाता के पूजन, शंखनाद एवं श्री राम जय राम जय जय राम विजय मंत्र के सामूहिक जप के साथ हुआ। इसके उपरांत गोभक्तों ने झंडे, बैनर, अभियान संदेशों वाले प्लेकार्ड एवं भजन–कीर्तन के साथ शांतिपूर्ण एवं अनुशासित प्रार्थना–यात्रा निकालते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचे।
प्रार्थना–यात्रा में भगवान श्रीकृष्ण–बलराम के स्वरूप, गोमाता की झांकी तथा अभियान के अंतर्गत संकलित हस्ताक्षरों का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात संत–महात्माओं, जिला कार्यकारिणी, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को ज्ञापन एवं हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना पत्र सौंपा। इस अवसर पर अभियान के प्रतिनिधियों ने कहा कि गोमाता केवल धार्मिक आस्था का विषय ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, कृषि, पर्यावरण, ग्राम्य अर्थव्यवस्था एवं जनकल्याण का भी महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने सरकार से गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान से संबंधित सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि यह अभियान पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संचालित किया जा रहा है तथा जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय न होने तक चरणबद्ध रूप से आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर जिले के संत–महात्मा, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, मातृशक्ति, युवा, किसान, व्यापारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में गोभक्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्याभूषण, रामचंद्र शुक्ल, सत्य प्रकाश, दिनेश प्रकाश, माता सहाय, गोपाल, संतोष दुबे, कृष्णा पटेल, अभय मिश्रा, बृजेश गुप्ता, राहुल जैन, भोला पांडे, हरिशंकर, अनिल गुप्ता, अनिलेश स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज, प्रवीण, अभिषेक, अर्जुन राम तिवारी, सपना सिंह, गणेश तिवारी नारायण राठी राजकुमार गुप्ता सौम्या त्रिपाठी राम सिंह के साथ आदि लोग उपस्थित रहे।

अधिवक्ताओं के विरुद्ध 7 वर्ष से अधिक सजा वाले मुकदमों की सूची मांगे जाने का करणी सेना ने किया विरोध

मीरजापुर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, मिर्जापुर के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने उच्च न्यायालय के क्रम में समस्त बार एसोसिएशनों द्वारा अधिवक्ता से 7 वर्ष से अधिक सजा वाले मुकदमों की सूची मांगे जाने की प्रक्रिया पर गहरी चिंता एवं विरोध व्यक्त किया है। कहा चार्जशीट दाखिल होने मात्र के आधार पर किसी अधिवक्ता को पेशे से रोकना या उसकी सूची तैयार करना विधि सम्मत नहीं है। भारतीय न्याय व्यवस्था का मूल सिद्धांत है हर व्यक्ति तब तक निर्दोष है जब तक कि न्यायालय द्वारा दोषी सिद्ध न किया जाए। उन्होंने आगे कहा केवल मुकदमा दर्ज होना या चार्जशीट लगना अपराध सिद्ध नहीं करता। यदि इसी आधार पर अधिवक्ताओं को चिन्हित किया जाएगा तो यह पूर्वाग्रह की श्रेणी में आएगा। करणी सेना जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी अधिवक्ता पर गंभीर आरोप हैं तो कानून अपना काम करेगा। लेकिन जांच के दौरान ही उसे संदिग्ध मानकर पेशे से वंचित करना न्याय के साथ अन्याय है। इससे फर्जी मुकदमों के माध्यम से अधिवक्ताओं को निशाना बनाने की प्रवृत्ति भी बढ़ेगी। मांग किया कि इस आदेश पर पुनर्विचार किया जाए। सूची केवल उन अधिवक्ताओं की बनाई जाए जिनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा अंतिम रूप से दोष सिद्ध हो चुका हो।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

मड़िहान, मीरजापुर। नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में थाना मड़िहान पुलिस ने पाक्सो एक्ट में एक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने नामजद सूरज पटेल पुत्र राकेश पटेल निवासी देवपुरा थाना राजगढ़ को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार जेल भेजा है।

शहर विधायक के साथ विद्युत विभाग के अधिकारियों से मिले बुनकर व्यापारी, समस्याओं के समाधान की मांग

मेरठ। विद्युत संबंधी कई समस्याओं को लेकर सोमवार को बुनकर व्यापारी शहर विधानसभा से सपा विधायक रफीक अंसारी के साथ ऊर्जा भवन पहुंचे। जहां शहर विधायक ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए बुनकर व्यापारियों की समस्याओं के समाधान की मांग की।सपा विधायक रफीक अंसारी ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वर्ष 2006 से पावरलूम बुनकरों को फ्लैट रेट पर बिजली आपूर्ति की जा रही थी। लेकिन, वर्तमान सरकार में इस नीति में संशोधन करते हुए पांच किलोवाट तक के पावर बुनकरों को 800 रुपए प्रति किलो वाट और इससे अधिक लोड वाले बुनकर व्यापारियों को 700 रुपए प्रति किलो वाट के हिसाब से विद्युत कनेक्शन देने के आदेश जारी किए। बुनकर व्यापारियों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा जारी किए जा रहे उनके बिजली बिलों में ओवरलोड बताकर उनसे अनाप–शनाप बिल वसूले जा रहे हैं। इसी के साथ शटललेस बुनकरों को भी फ्लैट रेट पर बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही शहर विधायक ने इन दोनों समस्याओं के समाधान के साथ–साथ पावरलूम बुनकरों को दिए जाने वाले नए विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था को भी सरल बनाए जाने की मांग की।

बेटी की शादी के गहने और 60 हजार कैश चोरी, पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप

मेरठ। कंकरखेड़ा निवासी एक बुजुर्ग ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर थाना पुलिस पर सात लाख की चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने मामले में कार्यवाही के आदेश दिए हैं।कंकरखेड़ा के खड़ौली गांव के रहने वाले बुजुर्ग इंशाद सोमवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे। इंशाद ने बताया कि दो महीने बाद उनकी बेटी की शादी होनी है। बेटी की शादी के लिए उन्होंने सोने–चांदी के जेवरात बनवाकर घर में रखे थे। आरोप है कि 17 जुलाई की सुबह करीब 3रू00 बजे अज्ञात बदमाश ने घर में घुसकर शादी के लिए बनवाए गए जेवरात और 60 हजार का कैश चोरी कर लिया। चोरी हुए माल की कीमत लगभग सात लाख रुपए है।पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने घटना वाले दिन ही पुलिस को तहरीर देते हुए गली से गुजर रहे बदमाश की सीसीटीवी फुटेज भी दी थी। लेकिन, बदमाश का पता लगाना तो दूर, पुलिस ने अब तक चोरी की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की है। थाने जाने पर उन्हें धमका कर भगा दिया जाता है। अधिकारियों ने मामले में कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

सावन मेले में श्रद्धालुओं को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप श्रावण मेला, कांवड़ यात्रा और सावन झूला मेले को लेकर अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अयोध्या नगर निगम ने व्यापक और बहुस्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वच्छता, पेयजल, आश्रय, स्नान, प्रसाधन, यातायात प्रबंधन और जनसुविधाओं को सुदृढ़ बनाया गया है। पूरे मेला क्षेत्र में 24 घंटे सफाई व्यवस्था संचालित की जा रही है, जिसकी नियमित निगरानी अयोध्या नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं कर रहे हैं। अयोध्या नगर निगम के नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार ने बताया कि नगर निगम के नागेश्वर नाथ मंदिर और मणिपर्वत मंदिर के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया है। नागेश्वर नाथ मंदिर की सीढ़ियों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मैट बिछाए गए हैं। वहीं तुलसी उद्यान, राम की पैड़ी, साकेत अंडरपास, भजन संध्या स्थल और बूथ–4 के समीप अस्थायी आश्रय स्थल विकसित किए गए हैं, ताकि दूर–दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को विश्राम की सुविधा मिल सके। मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रमुख स्थलों, शौचालयों और चेंजिंग रूम के आसपास दिशा सूचक साइनेज बोर्ड लगाए गए हैं। अयोध्या धाम के सभी मेला क्षेत्रों में चौबीसों घंटे सफाई अभियान चल रहा है, जबकि सरयू तट के सभी घाटों की नियमित धुलाई जेटिंग मशीनों से कराई जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने 471 बायो शौचालय स्थापित किए हैं, जिनका उपयोग पूरी तरह निशुल्क किया जा रहा है। सरयू स्नान के बाद महिलाओं के लिए नौ स्थायी और 100 अस्थायी चेंजिंग रूम भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे महिला श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सम्मानजनक सुविधा मिल रही है।
पेयजल व्यवस्था को भी विशेष रूप से मजबूत किया गया है। नगर निगम क्षेत्र में कुल 85 वाटर कूलर स्थापित हैं, जिनमें अयोध्या धाम क्षेत्र में 48 और अयोध्या कैंट क्षेत्र में 37 वाटर कूलर संचालित हैं। इसके अलावा 25 वाटर कियोस्क भी लगाए गए हैं, जिनमें 18 अयोध्या धाम और सात अयोध्या कैंट क्षेत्र में हैं। इन सभी केंद्रों से श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को निशुल्क शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से यूजर एंड प्वाइंट से जल के नमूने लेकर परीक्षण भी कराया जा रहा है। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, धर्मशालाओं, रेस्टोरेंट, होमस्टे और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अयोध्या धाम के फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए प्रवर्तन दल लगातार कार्रवाई कर रहा है, ताकि श्रद्धालुओं का आवागमन सुगम बना रहे। मेला क्षेत्र में सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है।आवारा गौवंश और छुट्टा पशुओं की रोकथाम के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो उन्हें पकड़कर गौशालाओं तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वच्छ और सुंदर अयोध्या के संकल्प को साकार करने के लिए नगर निगम पॉलीथीन मुक्त अभियान भी चला रहा है। जन–जागरूकता के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही पब्लिक एड्रेस सिस्टम (पीए सिस्टम) और वेरिएबल मैसेजिंग सिस्टम (वीएमएस) के जरिए श्रद्धालुओं को स्वच्छता अपनाने, पॉलीथीन का उपयोग न करने और यातायात नियमों के पालन संबंधी संदेश लगातार प्रसारित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर द्वारा भी श्रावण मास मेला, कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत श्रद्धालुगणों तथा कावंड़ यात्रियों की सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस व प्रशासन द्वारा किये गये प्रबन्ध का लगतार निरीक्षण कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे है।अयोध्या नगर निगम के महापौर व महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुविधा नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्रावण मेला, कांवड़ यात्रा और सावन झूला मेले को लेकर स्वच्छता, पेयजल, आश्रय, शौचालय तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ की गई हैं।

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से लिया चुनावी तैयारियों का फीडबैक

लालगंज, मीरजापुर। 395 छानबे विधानसभा के लालगंज ब्लाक अंतर्गत बल्हिया के एक लान में सोमवार को सपा का पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभी से एकजुट होकर 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने बल्हिया खुर्द में आयोजित विधानसभा स्तरीय पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में बूथ, सेक्टर, जोन और फ्रंटल संगठन के पदाधिकारियों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न बूथों की स्थिति की जानकारी लेते हुए पूछा कि किन बूथों पर किस प्रकार की तैयारी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना पार्टी की प्राथमिकता है। प्रत्येक मतदाता तक पार्टी की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहना होगा। उन्होंने विधानसभा स्तर पर वरिष्ठ नेताओं को ब्लॉकवार जिम्मेदारियां भी सौंपीं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। सभी पदाधिकारी जनहित के मुद्दों पर जनता के बीच रहकर पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि बेरोजगारी के कारण युवा वर्ग परेशान है और समाजवादी पार्टी की ओर उम्मीद से देख रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने कहा कि युवाओं में रोजगार को लेकर चिंता है और प्रदेश में बदलाव का माहौल बन रहा है। दर्जा प्राप्त पूर्व मंत्री गुलाबचंद यादव श्मुन्नीश ने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियां हमेशा जनहित पर आधारित रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने तथा संचालन हरिशंकर यादव ने किया। सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष सोकीम अहमद उर्फ झल्लू, पूर्व विधायक जगदंबा पटेल, लल्लू शुक्ला, सुरेंद्र सिंह पटेल, रविन्द्र पटेल, पिंटू पांडेय, अशोक मिश्रा, रविन्द्र कोल, कीर्ति कोल, रम्भा देवी, राजनारायण निराला कोल, सियाराम जैसल, रमाशंकर कोल, तुफानी लाल यादव, ब्रहमबली यादव, अरविंद यादव, आदर्श यादव, गणेश यादव, बिहारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महिला आयोग सदस्य ऋतु शाही ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं

-त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश, एच.पी.वी. वैक्सीन की भी दी जानकारी

अयोध्या। राज्य महिला आयोग की सदस्य घ्ऋतु शाही ने सोमवार को जनपद का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने महिला जनसुनवाई, जनपद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक,एवं जागरूकता चौपाल का आयोजन तथा अन्य महिला कल्याण गतिविधियों का मूल्यांकन किया। सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदस्य ने महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं की समस्याएं, आर्थिक सहायता, सुरक्षा, शिक्षा एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जनपद का महिला कल्याण विभाग महिलाओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील तरीके से कार्य कर रहा हैं, उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाना नहीं चाहिए। जनसुनवाई के दौरान लगभग 182 महिलाएं उपस्थित रही और कुल मिलाकर 22 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमे 19 की समस्याओ का निस्तारण तत्काल सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कर दिया गया। सदस्य के समक्ष बाल विवाह शपथ सभी महिलाओं को कराया गया तथा चिकित्सा शिविर में एच. पी. वी. वैक्सीन के बारे में सदस्य महोदया एवं डॉ प्रेम जी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने निर्देश दिया महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर,स्वास्थ्य शिक्षा स्वरोजगार एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र महिला तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन किया जाय। चौपाल एवं जनसुनवाई के बाद सदस्य महोदया द्वारा राजकीय बंदीगृह का भी निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा , सीओ सिटी श्रेयश त्रिपाठी, मीनाक्षी पांडेय सी.डी.पी.ओ. मसौधा बाल विकास एवं पुष्टाहार, डॉ प्रेम सी. एच. सी.,इंस्पेक्टर चंद्रभान, महिला थाना इंस्पेक्टर आशा शुक्ला,परमात्मा राम और अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। महिला कल्याण विभाग से हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन से जिला मिशन समन्वयक वंदना तिवारी, अस्तुति एवं संध्या वर्मा उपस्थित रही। वन स्टॉप सेंटर से प्रभा मणि पाल सेंटर मैनेजर, प्रतिभा पांडेय एवं विपिन तथा चाइल्ड लाइन से पल्लवी दीक्षित एवं अनुराग शुक्ला डी. सी. पी. यु. से तथा अन्य सहयोगी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जंतर मंतर आंदोलन में घायल व मृतक छात्र-छात्राओं के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग

-भारतीय किसान यूनियन युवा मोर्चा ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन

अयोध्या। जंतर मंतर नई दिल्ली पर देश के युवाओं,छात्रों द्वारा किए गये आंदोलन के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन युवा मोर्चा द्वारा गांधी पार्क में प्रदर्शन करके राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट अयोध्या को सौंप कर समस्या समाधान करने की मांग किया गया। ज्ञातव्य है कि देश की सरकार के शिक्षा मंत्री की लापरवाही से नीट का पेपर लीक हो गया था जिसके कारण तमाम नौजवानों,छात्रों को कष्ट हुआ था कई छात्र छात्राएं पेपर लीक होने से आहत होकर जान तक गवा बैठे हैं तमाम नौजवान छात्र–छात्राएं पुलिस के डंडे से घायल हुए हैं जिसके संबंध में 16 सूत्रीय मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित जिला अधिकारी अयोध्या के माध्यम से भेजा गया है। भाकियू युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास वर्मा का कहना है कि सरकार पूरी सतर्कता और शक्ति से सभी प्रकार की परीक्षा कराये ताकि किसी छात्र नौजवान की जिंदगी बर्बाद न हो, सभी वैकेंसियों को निकाल कर नौजवानों को नौकरियां दी जाए, पेपर लीक से आहत होकर जान गंवाने वाले नौजवानों के परिवार को एक करोड रुपए आर्थिक सहायता दी जाए, 69000 शिक्षक भर्ती मामले को निस्तारित करके पात्र व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र दिया जाए, भारत–अमेरिका ट्रेड डील रद्द किया जाए, किसानों की फसलों के लाभकारी मूल्य हेतु एमएसपी गारंटी कानून लागू किया जाए जैसी 16 समस्याओं का ज्ञापन राष्ट्रपति महोदय को भेजा गया। भाकियू राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा एडवोकेट ने कहा देश के छात्रों नौजवानों के साथ यदि देश की सरकार व प्रदेश की सरकारे अन्याय,अत्याचार करेंगी तो भारतीय किसान यूनियन नौजवानों छात्रों के साथ खड़ी होकर मुंहतोड़ जवाब देने का कार्य करेगी। प्रदर्शन में भाकियू जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, जिला उपाध्यक्ष भागीरथी वर्मा, तहसील अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, संतोष वर्मा, देवी प्रसाद वर्मा, मुन्ना कनौजिया सुनील पाल, विवेक पटेल, रंजीत शर्मा, विजय कुमार, निशांत वर्मा,सोनू यादव, सत्यम, सुमित वर्मा, कृष्ण प्रसाद वर्मा, सरोज वर्मा सहित कई दर्जन छात्र व किसान शामिल रहे।

गुरु पूर्णिमा पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं का होगा सम्मान

अयोध्या। अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत जिला इकाई की एक बैठक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष अरविंद कौल ने की और संचालन महामंत्री रत्नेश सिंह ने किया। जिला सहकारी बैंक में 29 जुलाई दोपहर 3 बजे गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा ,बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, राजीव शुक्ला, अनीता पाठक, कर्मवीर सिंह, दीप्ति पांडे, आदित्य पांडे, आशुतोष पांडे, सुरेश सिंह मुरलीधर शुक्ला,, संजय रस्तोगी, सारंगधर मिश्रा ,कर्मवीर सिंह ,रामजी गुप्ता सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों को ध्वस्त करने की कार्रवाई पर रोक की मांग

-सपा अल्पसंख्यक सभा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

अयोध्या। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष राशिद जमील के नेतृत्व में सोमवार को कार्यकर्ताओं ने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों को ध्वस्त किए जाने की प्रस्तावित कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने तथा मामले का निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट संजीव कुमार उपाध्याय को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय हजारों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान है। प्रस्तावित ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित होगी और उनके भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इसलिए सरकार को किसी भी कार्रवाई से पहले सभी पक्षों को सुनते हुए न्यायसंगत एवं संवेदनशील निर्णय लेना चाहिए। सपा अल्पसंख्यक सभा ने ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा कि जिन भवनों को ध्वस्त करने की बात कही जा रही है, उनके संबंध में विधिक तथ्यों एवं परिस्थितियों का निष्पक्ष परीक्षण किया जाना आवश्यक है। संगठन ने मांग की कि जब तक सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच पूरी न हो जाए, तब तक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि शिक्षा संस्थानों को लेकर सरकार को ऐसा निर्णय लेना चाहिए जिससे विद्यार्थियों के हित सुरक्षित रहें और कानून के दायरे में रहकर न्यायपूर्ण समाधान निकाला जा सके। सपा के निवर्तमान प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि इस मौके पर राशिद जमील जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा,जिला महासचिव बख्तियार खान,शावेज जाफरी एडवोकेट राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता सभा,फरीद कुरैशी प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा,मिर्जा सादिक हुसैन,शोएब खा,सरोज यादव, रामकरन यादव,अली सईद खा,आकिब खा,सैयद मो असलम,मसूदुल खा,आफताब अहमद ,जुनैद घोसी, राशिद सलीम,अनस खान, रजी हसन एडवोकेट,हाजी सलाहुद्दीन, कल्लू नेता,महफूज उस्मानी,ईशा कुरैशी,शाहरुख पठान,संतराम यादव,तरन्नुम बानो,सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिलाधिकारी व एसएसपी ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में की रिहर्सल ब्रीफिंग

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में आज जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे द्वारा कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में समस्त सुपर जोनल, जोनल, सैक्टर मजिस्ट्रेट, विभागीय नोडल अधिकारी, संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियो के साथ रिहर्सल ब्रीफिंग की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा जनपद मेरठ का अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। सभी अधिकारी आपसी समन्वय एवं बेहतर संवाद के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मीट व शराब दुकान प्रतिबंध के संबंध में जो दिशा–निर्देश दिये गये है उनका कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। वन एवं कृषि विभाग संयुक्त रूप से कांवड़ मार्ग का भ्रमण कर सर्पदंश से बचाव के संबंध में आवश्यक जागरूकता सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि सभी कांवड़ शिविरों में सुरक्षा मानकों का शत–प्रतिशत अनुपालन कराया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि शिविरों के आगे डीजे स्थापित न हों। खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कांवड़ मार्ग पर स्थित ढाबों, होटलों एवं रेहड़ी–पटरी संचालकों द्वारा मूल्य सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहें, समन्वय बनाए रखें तथा कांवड़ मार्ग पर शेष सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराई जाएं।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने कहा कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जोन, सुपर जोन एवं सेक्टर स्तर पर मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान यातायात प्रबंधन सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। कांवड़ मार्गों पर एआई आधारित कैमरे लगाए जा रहे हैं। डीजे की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रहे, कोई भी कांवड़िया गलत दिशा में आवागमन न करे तथा वाहनों की गति नियंत्रित रखी जाए।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (नगर) गोपाल विनायक गोखले, पुलिस अधीक्षक देहात अभिजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सत्य प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति) नवीन चन्द्र, अपर नगर आयुक्त लवी त्रिपाठी सहित समस्त सुपर जोनल, जोनल, सैक्टर मजिस्ट्रेट, विभागीय नोडल अधिकारी, संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

पति और उसकी दूसरी पत्नी पर बेटी की हत्या का आरोप

मेरठ। मूल रूप से गाजियाबाद की रहने वाली महिला ने कंकरखेड़ा क्षेत्र के रहने वाले अपने पति और उसकी दूसरी पत्नी पर अपनी बेटी की हत्या कर उसकी लाश को गायब करने का आरोप लगाया है। सोमवार को परिजनों के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंची पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।गाजियाबाद वेव सिटी निवासी सीमा सोमवार को अपने परिजनों के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंची। सीमा ने बताया कि उसकी शादी 2010 में कंकरखेड़ा के पठानपुरा निवासी अमरीश के साथ हुई थी। शादी के बाद सीमा को दो बेटियां हुईं। वर्ष 2009 में अमरीश ने सीमा को घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद भिंडवारा निवासी रिंकी से दूसरी शादी कर ली। बड़ी बेटी संजना अमरीश के पास रह रही थी। जबकि छोटी बेटी रिया की परवरिश सीमा ने की। सीमा का आरोप है कि उसके हिस्से की 50 बीघा जमीन हथियाने के लिए अमरीश और उसकी दूसरी पत्नी रिया ने सीमा की 24 वर्षीय बेटी संजना की 19 जुलाई को हत्या कर दी। इसके बाद बिना पोस्टमार्टम कराए शव को गंगा में फेंक दिया।

जल शक्ति मंत्रालय ने की श7वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारश की घोषणा, आवेदन आमंत्रित

मेरठ। जल शक्ति मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जल संरक्षण, संचयन और बेहतर जल प्रबंधन के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले निकायों, संस्थाओं और उद्योगों को सम्मानित करने हेतु श7वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार (7जी छंजपवदंस ॅंजमत ।ूंतके)श की घोषणा की गई है।जिला गंगा समिति, मेरठ के जिला परियोजना अधिकारी (क्च्व्) तुषार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के श्जल समृद्ध भारतश के विजन को बढ़ावा देने तथा जल संसाधनों के एकीकृत प्रबंधन हेतु इन पुरस्कारों की शुरुआत की गई है। पुरस्कार हेतु आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए

निधियों से हासिल धन से विधानसभा क्षेत्र का कराया विकास - चन्द्र प्रकाश

फतेहपुर। जनपद दौरे पाए आये सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा जनसभा के दौरान पूर्व विधायक विक्रम सिंह का नाम लेकर जनसभा के दौरान पूर्व विधायक के विक्रम सिंह को जीत दिलाने पर विकास कुछ और होता के कहे जाने से सदर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी एडवोकेट ने अपनी सफाई पेश करते हुए मिली हुई निधियों से कराए गये विकास कार्यों का लेखा जोखा पेश किया। रविवार को मीडिया से रूबरू होते हुए सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी ने बताया कि सबका साथ सबका विकास की नीति होने के बाद भी विपक्ष के विधायकों को निधि के अतिरिक्त अन्य कार्यों को कराये जाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने अपनी निधियों का ब्योरा देते हुए बताया कि वर्ष 2022–23 से लेकर 2025–26 में विधायक निधि से 18.0 करोड़, पूर्वांचल विकास निधि से 5.45 करोड़ व राज्य लाभांश से प्राप्त धनराशि 2.51 करोड़ है। बताया कि 26 करोड़ रुपये से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होने बताया कि 50 लाख रुपयों से श्री सिद्धपीठ ताम्बेश्वर मन्दिर के प्रवेश द्वार से मन्दिर तक सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया, साथ ही 45 लाख रुपये की लागत से सिद्धपीठ मां कालीकन मंदिर प्रवेश द्वार सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया जबकि सिद्धपीठ शीतला मन्दिर का कार्य प्रस्तावित है जिसे शीघ्र शुरू किया जाएगा। बताया कि शासन द्वारा स्वीकृत कार्य जिसमें सिद्धपीठ राजशेष बाबा मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य 0.8 करोड़, रामगंज पक्का तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य 50 लाख रुपये, 15 करोड़ रुपये की लागत से बिलन्दा संपर्क मार्ग, 50 नम्बर ओवर ब्रिज पुल मार्ग का डामरीकरण का कार्य, बहरामपुर से संतों मार्ग समेत अन्य मार्गो का कार्य 34 करोड़ रुपये की लागत से कराया। बताया कि बाकरगंज चौराहे पर लगने वाले जाम की समस्या दूर करने के लिए बाकरगंज चौराहा से एनएच टू मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण का कार्य टेंडर प्रक्रिया में है जोकि लगभग पांच करोड़ की परियोजना है। हथगाम संपर्क मार्ग चौड़ीकरण उन्होंने ब्लाकवार बताया कि हसवा ब्लाक में 61 मार्ग, भिटौरा ब्लाक में 47 मार्ग, तेलियानी ब्लाक मे 10 व नगर पालिका क्षेत्र में 44 मार्गों का निर्माण कार्य कराया गया है। कुल 162 मार्गो का निर्माण कराया गया। बताया कि विधानसभा क्षेत्र के लोगो की स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर उनके द्वारा उपचार के लिए 5.80 करोड़ रुपये आर्थिक सहायता के रूप में दिलवाए गये है। बताया कि विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जनता के द्वारा दिये गये सुझाव के अनुसार उनके द्वारा परियोजना बनाकर शासन से योजनाओं को हासिल करने उनका अनुमोदन कराने का भरपुर कार्य किया जाता है। बताया कि कई बार विपक्ष के विधायक होने की वजह से अनेक योजनाओं का लाभ नही मिल पाता। कहा कि सबका साथ सबका विकास की नीति के तहत सत्ताधारी एवं विपक्षी दलों के विधायकों को सभी योजनाओं का लाभ व उनके क्षेत्रों की समस्याओं को देखते हुए निदान के लिए अतिरिक्त धन मिलना चाहिए।

सपा ने मनाया संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर रविवार को जिला कार्यालय में संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी और नेता शामिल हुए। इस दौरान संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का संकल्प लिया गया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने नेतृत्व से प्राप्त संदेश पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई भारतीय सामाजिक न्याय के इतिहास का महत्वपूर्ण दिन है। इसी दिन महात्मा ज्योतिबा फुले के आरक्षण संबंधी विचारों को साकार करते हुए राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने कोल्हापुर राज्य में आरक्षण व्यवस्था लागू की थी। उन्होंने कहा कि संविधान ही सामाजिक समानता का आधार है और संविधान सुरक्षित रहेगा तभी आरक्षण भी सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संविधान देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा करने वाला सबसे बड़ा कवच है और इसके मूल्यों को मजबूत करना सभी की जिम्मेदारी है। संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया। इस मौके पर पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल, हुसैनगंज विधायक ऊषा मौर्य, सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, दलजीत निषाद, रीता प्रजापति, राम कृपाल सोनकर, केतकी यादव, संगीता राज पासवान, राम तीरथ परमहंस, सुशील दोषी, चंदन पाल, डॉ. राम नरेश पटेल, मोइन खान, शमीम अहमद, इंजीनियर सिद्धार्थ कोरी, मनोज यादव, राजेंद्र वर्मा, गणेश वर्मा, नरेश उमराव, डीजी कुशवाहा, नफीस उद्दीन, शकील गोल्डी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शराब ठेके की लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार

फतेहपुर। बिंदकी थाना क्षेत्र में देशी शराब के ठेके पर हुई लाखों रुपये की लूट की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। संयुक्त कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लूटी गई 22 पेटी (990 पौवे) देशी शराब, 62 किंगफिशर बीयर कैन, घटना में प्रयुक्त एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले में दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।पुलिस के अनुसार 8ध्9 जुलाई की रात बिंदकी थाना क्षेत्र के नरचौ–अरईपुर घेरवा स्थित देशी शराब के ठेके पर बदमाशों ने चौकीदार को बंधक बनाकर दीवार तोड़ी और बड़ी मात्रा में शराब व बीयर लूट ले गए थे। घटना के बाद बिंदकी थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बिंदकी के नेतृत्व में बिंदकी पुलिस, सर्विलांस सेल और एसओजी टीम ने साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर रविवार को आरोपियों दिलीप कुमार पासवान निवासी चकमाधवपुर, प्रेम सोनकर निवासी नंदापुर थाना बिंदकी व शिवजीत निवासी खूंटाझाल थाना जाफरगंज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई शराब और बीयर बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने साथी सूरज सोनकर और सुंदर सोनकर के साथ मिलकर पूर्व नियोजित योजना के तहत वारदात को अंजाम दिया था। घटना के बाद शराब और बीयर को खेतों में छिपाया गया और बाद में शिवजीत के घर के बाहर बने टीनशेड वाले कमरे में रखकर मोटरसाइकिल से उसकी बिक्री की जा रही थी।

शराब के लिए पैसा न देने पर सगे भाईयों पर चाकुओं से हमला

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरी मुराईनटोला में शनिवार की देर रात मोहल्ले के एक युवक ने थोक फल विक्रेता से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। इंकार कर देने पर युवक ने दोनो भाईयों पर ताबडतोड चाकुओं से हमला कर दिया। जिसे दोनो भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके भाग खड़ा हुआ। हमलावर जाते–जाते बैग में रखे लाखो की नगदी लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार उत्तरी मुराईटोला मोहल्ला निवासी थोक फल विक्रेता गुलाम अहमद का 36 वर्षीय पुत्र वसीम, 40 वर्षीय नसीम अहमद अपने दुकान में बैठे थे। तभी मोहल्ले का ही खुर्शीद पुत्र स्व0 जान मोहम्मद उनके पास आया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। इंकार कर देने पर गाली देते हुये चला गया और कुछ ही देर बाद चाकू लाकर दोनो भाईयों पर हमला करने लगा। जिससे छोटे भाई वसीम के पसली में पांच चाकू के घाव व बडे भाई के कमर व पीठ में चाकू के गहरे निशान है। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर पास में रखे बैग से ढाई लाख रूपये लूट कर फरार हो गया। उधर शोर शराबा सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और तत्काल दोनो भाईयों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान बड़े भाई नसीम ने बताया कि आये दिन वह उनके पास आकर शराब के लिए पैसा मांगता था। न देने पर गाली गलौज करने लगता था। जिस पर उसे दो तीन सौ रूपये दे देता था। आज उसने हद कर दी और पैसे ने देने पर उसने दोनो भाईयों पर उसने जान लेवा हमला कर दिया।

पूर्व लेखपाल का आरोप, वर्षो पुराने रास्ते पर कब्जे का प्रयास

खागा, फतेहपुर। थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र के अल्लीपुर भादर गांव में आवागमन के वर्षों पुराने रास्ते पर कब्जे और निर्धारित सीमा से हटकर निर्माण कराने का मामला सामने आया है। गांव निवासी एवं पूर्व लेखपाल श्रीपाल ने प्रशासन को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि पड़ोसी द्वारा अपनी भूमि की निर्धारित पैमाइश से बाहर निर्माण कर रास्ते को लगातार संकरा किया जा रहा है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विरोध करने पर गाली–गलौज, मारपीट का प्रयास किया गया तथा अनुसूचित जाति के सदस्यों के प्रति जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया। पीड़ित ने परिवार की जान–माल की सुरक्षा की भी मांग की है। पूर्व लेखपाल का कहना है कि वर्ष 2017 के विवाद के दौरान बिजली का खंभा जिस स्थान पर था, वर्तमान निर्माण के बाद उसकी स्थिति बदल गई है, जिससे निर्माण की वैधता पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने राजस्व विभाग से निष्पक्ष पैमाइश कराकर सीमांकन होने तक निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि 15 जुलाई को डायल–112 पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन विवाद का स्थायी समाधान नहीं हो सका। उन्होंने फोटो, वीडियो और ऑडियो साक्ष्य होने का दावा करते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

बिंदकी विधायक ने चूरामन खेड़ा पेयजल योजना का किया लोकार्पण

फतेहपुर। जल जीवन मिशन के तहत विकास खंड मलवां की ग्राम पंचायत चूरामन खेड़ा में भव्य जल अर्पण कार्यक्रम एवं पेयजल योजना के लोकार्पण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने योजना का लोकार्पण करते हुए ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के महत्व और जल संरक्षण का संदेश दिया। विधायक ने कहा कि चूरामन खेड़ा पेयजल योजना पिछले एक वर्ष से सफलतापूर्वक संचालित हो रही है और इसके माध्यम से ग्रामीणों को नियमित रूप से क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल से जलजनित बीमारियों पर अंकुश लगेगा, लोगों का स्वास्थ्य बेहतर होगा और इलाज पर होने वाला अनावश्यक खर्च भी बचेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, इसलिए पानी की एक–एक बूंद का संरक्षण जरूरी है। वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देकर भू–जल स्तर को सुरक्षित रखना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी से अपने स्तर पर जल संरक्षण के प्रभावी उपाय अपनाने का आह्वान किया। विधायक ने योजना के गुणवत्तापूर्ण संचालन पर संतोष जताते हुए अधिशासी अभियंता अनुराग गौतम, निर्माणदायी संस्था तथा जल जीवन मिशन की पूरी टीम के कार्यों की सराहना की। योजना के सफल संचालन से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया और लोगों ने इसके लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता अनुराग गौतम ने ग्रामीणों को जल सारथी मोबाइल ऐप की जानकारी देते हुए बताया कि ऐप के माध्यम से जिले की पेयजल परियोजनाओं का विवरण, संबंधित अधिकारियों के संपर्क नंबर तथा सुझाव एवं शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपने स्मार्टफोन में ऐप डाउनलोड करने की अपील की। कार्यक्रम में सहायक अभियंता विक्रांत सिंह, अवर अभियंता उज्जवल कुमार, जिला समन्वयक राजमुनि यादव, डीपीएम टीपीआई कृष्ण कुमार खरे, आईएसए कोऑर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चंदेल, जीआईएस जितेंद्र, कंस्ट्रक्शन एजेंसी से प्रदीप सिंघल एवं गौरव, ग्राम प्रधान निर्मला देवी, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

पूर्व सैनिकों ने कारगिल के रणबांकुरों को किया नमन

फतेहपुर। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति, उत्तर प्रदेश के महिला संगठन की अध्यक्ष जागृति तिवारी के आवास पर श्रद्धा, गौरव और देशभक्ति से ओत–प्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद कारगिल युद्ध के अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक विद्याभूषण तिवारी ने कारगिल युद्ध के अपने संस्मरण साझा करते हुए उस दौर की वीरता और संघर्ष की भावुक यादें ताजा कीं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1999 में वह इलाहाबाद में तैनात थे। सात मई को कारगिल युद्ध के लिए तत्काल रवाना होने का आदेश मिला। बोफोर्स तोप के रिपेयर विशेषज्ञ होने के कारण उन्हें दिल्ली, श्रीनगर होते हुए नौ मई को कारगिल भेजा गया, जहां उन्होंने बोफोर्स आर्टिलरी यूनिट के साथ लगातार कवरिंग फायर देकर भारतीय सेना को निर्णायक बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि एक जुलाई 1999 को हुई गोपनीय बैठक में टाइगर हिल पर कब्जे की रणनीति बनाई गई थी। इस अभियान का नेतृत्व परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडे को सौंपा गया था। उन्होंने भावुक होकर बताया कि जब कैप्टन मनोज पांडेय को बुलेटप्रूफ जैकेट दी गई तो उन्होंने कहा कि आज के दिन के लिए ही मैं सेना में भर्ती हुआ था। मैं वापस अवश्य आऊंगा, जिंदा या तिरंगे में लिपटकर। जैकेट की जगह उतने वजन के हैंड ग्रेनेड दे दीजिए, ताकि दुश्मन को ज्यादा नुकसान पहुंचा सकूं। इसके बाद उन्होंने 10 हैंड ग्रेनेड लेकर अभियान में हिस्सा लिया। ऑपरेशन सफल रहा, लेकिन तीन जुलाई 1999 की रात वह मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए। विद्याभूषण तिवारी ने बताया कि युद्ध के दौरान गोला–बारूद के धुएं के कारण उनके फेफड़ों और लीवर को गंभीर क्षति पहुंची। युद्ध में विजय के बाद 10 अगस्त 1999 को उन्हें कमांड हॉस्पिटल, लखनऊ में भर्ती कराया गया, जहां लगभग दो माह उपचार के बाद वह स्वस्थ होकर लौटे। कार्यक्रम को जागृति तिवारी ने भी संबोधित किया।

150 गांवों में अंधेरा, धान की फसल पर संकट

फतेहपुर। 33 11 केवी असोथर विद्युत उपकेंद्र से संचालित छह फीडरों की बिजली आपूर्ति शनिवार से लगातार बाधित रहने के कारण करीब 150 गांवों के लगभग 13 हजार उपभोक्ता भारी परेशानी झेल रहे हैं। बिजली संकट के चलते क्षेत्र के करीब 50 छोटे–बड़े कारखाने बंद पड़े हैं, जबकि लगभग एक हजार निजी नलकूप ठप होने से धान की फसल पर सिंचाई का संकट गहरा गया है। कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसानों की चिंता और बढ़ गई है।प्रदेश सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन असोथर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से उपभोक्ताओं को मुश्किल से एक–दो घंटे ही बिजली मिल पा रही है। शनिवार से रविवार तक ट्रिपिंग का सिलसिला लगातार जारी रहा। कभी पांच मिनट तो कभी दस मिनट के लिए बिजली आती और फिर गुल हो जाती। रविवार सुबह करीब नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक करीब छह घंटे तक आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। बिजली संकट का असर हरनवा, जरौली, सरकंडी, बेसड़ी, मनावा, कौडर, बौडर, सराय, टीकर, भैरवां, रिठवां, कटरा, बेरूई समेत करीब 150 गांवों में देखने को मिला। बिजली न मिलने से किसानों के अलावा ग्रामीण, छात्र, छोटे कारोबारी और इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार भी प्रभावित हैं। पेयजल आपूर्ति, मोबाइल चार्जिंग और घरेलू कामकाज तक बाधित हो गए हैं। किसान राजू तिवारी ने बताया कि दो दिन से बिजली नहीं मिलने के कारण धान की रोपाई और पहले से लगी फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। यदि जल्द आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है। ग्रामीण पुनीत ने बताया कि लगातार बिजली संकट के कारण भीषण गर्मी में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों का रहना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के 24 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे क्षेत्र में पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं।तकनीकी खराबी बनी संकट की वजह असोथर विद्युत उपकेंद्र के जूनियर इंजीनियर कमल कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि चुरियानी पावर हाउस से आने वाली 33 केवी लाइन अधिक लोड के कारण संचालित नहीं हो पा रही है। लाइन को चालू कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है, लेकिन तकनीकी समस्या के चलते सफलता नहीं मिल रही है।

कांवड़ियों के चूल्हे के पास निकला कोबरा, शिव भक्तों ने लगाए बोल बम के जयकारे तो जंगल में हुआ गायब

मेरठ। रविवार की रात दौराला क्षेत्र स्थित कांवड़ मार्ग पर एक अजब नजारा देखने को मिला। जंगल में सड़क किनारे खाना बना रहे कांवड़ियों ने चूल्हे के पास एक कोबरा सांप बैठा हुआ देखा। शिव भक्तों ने कोबरा को देखकर बम बम भोले का जयकारा शुरू कर दिया। कुछ ही देर बाद कोबरा जंगल में गायब हो गया।दरअसल, रविवार की रात दौराला गांव के सामने कुछ कांवड़िया एक खाली जगह पर आराम करने और खाना बनाने के लिए रुके थे। इसी बीच शिव भक्तों ने गैस के चूल्हे के पास एक कोबरा सांप को लहराते हुए देखा। जिस पर शिव भक्त खाना बनाना छोड़कर एक तरफ खड़े हो गए और बम बम भोले के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। जानकारी के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और वन विभाग की टीम को बुलाने की बात कही। मगर कांवड़ियों ने इसे आस्था से जुड़ा बताते हुए वन विभाग की टीम को बुलाने से इनकार कर दिया। कुछ ही देर में कोबरा सांप जंगल में कहीं गुम हो गया। उधर, मामले की जानकारी मिलने पर एसपी सिटी ने सभी कांवड़ सेवा शिविर संचालकों को कांवड़ सेवा शिविरों के आसपास चूने का छिड़काव करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि चूने की निशानदेही को सांप पार नहीं करते हैं।

जागृति विहार एक्सटेंशन में चला आवास विकास का बुलडोजर, हंगामे के बाद मेट का मकान भी तोड़ा

मेरठ। पिछले कुछ महीनों से शास्त्रीनगर और सेंट्रल मार्केट में व्यावसायिक निर्माणों पर गरज रहे आवास विकास के बुलडोजर का मुंह अब आवासीय भवनों की तरफ मुड़ गया है। सोमवार को जागृति विहार एक्सटेंशन में तीन ऐसे मकानों पर बुलडोजर की कार्यवाही की गई। जिनमें सेटबैक कवर कर ली गई थी। पब्लिक के हंगामे के बाद आवास विकास के अधिकारियों ने अपने ही विभाग के एक मेट का घर भी तोड़ डाला।दरअसल, आवास विभाग के एक्सईएन अभिषेक राज के नेतृत्व में परिषद की टीम जागृति विहार एक्सटेंशन सेक्टर पांच में बुलडोजर लेकर पहुंची। यहां तीन

आवासीय भवनों में सेटबैक कवर करके निर्माण किया गया था।आवास विकास के अधिकारियों ने इन भवनों में किए गए अवैध निर्माण को बुलडोजर चलवा कर ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इकट्ठे हुए क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि कुछ ही दूर रहने वाले आवास विकास में कार्यरत मेट ब्रह्मसिंह ने भी अपने मकान में सेटबैक नहीं छोड़ी है। क्षेत्रवासियों ने हंगामा करते हुए मेट के मकान पर भी कार्यवाही की मांग की।

बारिश में रिहायशी खपरैल मकान भरभरा कर गिरा, परिजन बालबाल बचे

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेही में बीती रात तेज बारिश के दौरान एक रिहायशी खपरैल मकान भर भरा कर गिर गया। संजोग ठीक रहा कि हादसे के समय परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। मकान गिरने से खपरैल घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन, कूलर, बक्सा, चारपाई समेत अन्य गृहस्थी का सामान मलवे में दबकर नष्ट हो गया। लालगंज विकासखंड क्षेत्र के रेही गांव निवासी भोला शर्मा पुत्र स्वर्गीय मुरारी शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि रात में भोजन करने के बाद परिवार के साथ दूसरे कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान बारिश के कारण खपरैल मकान अचानक भर भरा कर गिर पड़ा। पीड़ित परिवार ने हल्का लेखपाल को सूचित किया है। पीड़ित परिवार ने तहसील प्रशासन से नुकसान का आंकलन कराकर आर्थिक सहायता की मांग की है।

53 ग्राम सभाओं की महिलाओं की बढ़ी चिंता, लालगंज सीएचसी की एकमात्र महिला चिकित्सक गुरसंडी से संबद्ध

मीरजापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज की एकमात्र महिला चिकित्साधिकारी डॉ ऋचा सिंह को मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेश पर अग्रिम आदेश तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसंडी से संबद्ध कर दिया गया है। इसके बाद लालगंज सीएचसी महिला चिकित्सक विहीन हो गया है। इससे क्षेत्र की 53 ग्राम सभाओं सहित करीब दो लाख की आबादी विशेषकर महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेश के अनुसार डॉ ऋचा सिंह गुरसंडी में चिकित्सकीय सेवाएं देंगी। उनका वेतन एवं अन्य देयक मूल तैनाती स्थल सीएचसी लालगंज से ही उपस्थिति के आधार पर आहरित होंगे। सीएचसी अधीक्षक को उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।लालगंज सीएचसी पर 53 ग्राम सभाओं की महिलाओं का उपचार होता था। यहां गर्भवती महिलाओं की जांच, स्त्री रोग संबंधी परामर्श, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर देखभाल के साथ वायरल और अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित बड़ी संख्या में महिला मरीज प्रतिदिन पहुंचती हैं। अब महिला चिकित्सक के अभाव में मरीजों को दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों का रुख करना पड़ सकता है। जिससे समय और आर्थिक दोनों तरह की अतिरिक्त कठिनाइयां बढ़ने की आशंका है।

घर में करंट की चपेट में आने से 65 वर्षीय वृद्ध की मौत,परिजनों में मचा कोहराम

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के बेदउर गांव में शुक्रवार को घर के अंदर बिजली की चपेट में आने से 65 वर्षीय एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है मृतक के पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि परिवार के अन्य सदस्यो के साथ खेत पर धान की रोपाई करने गए थे 65 वर्षीय पिता तौलन प्रसाद घर पर थे इस दौरान घर में बिजली की चपेट में आने से अचेत होकर गिर गए पोते के द्वारा सूचना मिलने पर एम्बुलेंस सेवा से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जहां पर मौजूद डॉक्टर आलोक सिंह यादव रीना सिंह ने जांच के उपरांत वृद्ध तौलन प्रसाद को मृत घोषित कर दिया चिकित्सक द्वारा मृत घोषित करते ही परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों का रो–रो कर बुराहाल हो गया है। मृतक खेती मजदूरी कर परिवार का जिवीको पार्जन करते थे इस संबंध में चिकित्सक रीना पटेल ने बताया कि बेदउर गांव निवासी 65 वर्षीय वृद्ध तौलन प्रसाद को परिजनों द्वारा एंबुलेंस सेवा से मृत अवस्था में लायागया था जिसको जाचो उपरांत मृत घोषित कर दिया गया।

छात्र आंदोलन के समर्थन में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

मीरजापुर। जिला कांग्रेस कमेटी व शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में दिल्ली में चल रहे छात्र आंदोलन में दिल्ली पुलिस के द्वारा की गई बर्बता व विपक्ष नेता राहुल गांधी साथ की गई बदसलूकी के लिए जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन और धरना का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने जंतर मंतर पर चल रहे प्रदर्शन का समर्थन करते हुए शिक्षामंत्री व गृहमंत्री के इस्तीफे का मुख्य मांग किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शिवकुमार पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधन करते हुए कहा कि आज जंतर मंतर पर चल रहे महीनों भर से आंदोलन का समर्थन व दिल्ली पुलिस की निंदनीय दमन के विरोध में आज हम सभी एकत्रित हो कर अपना समर्थन देते है ये एक दिन का धरना प्रदर्शन सिर्फ प्रशासन व सरकार को चेतावनी है अगर जल्द ही धमेंद्र प्रधान का इस्तीफा और अमित शाह का जवाबदेही तय नहीं होता तो पूरे जिले में जल्द पुनः भरी संख्या में छात्रों और कांग्रेस जनों के द्वारा प्रदर्शन व अनशन किया जाएगा। अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा धमेंद्र प्रधान का इस्तीफा और एनटीए का जवाबदेही तय नहीं होता है तो पूरे देश में आंदोलन जारी रहेगा। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक उर्फ राजन पाठक ने कहा 2014 से अब तक 150 बार से ज्यादा पेपर लीक हुए सरकार में बैठे लोग क्या कर रहे थे।

मूल विद्यालय वापसी का आदेश लागू नहीं, शिक्षामित्रों में आक्रोश

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की पूर्व निर्धारित बैठक रविवार को नहर कॉलोनी में जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षामित्रों की लंबित समस्याओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों के रवैये पर नाराजगी जताई गई। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने कहा कि शिक्षामित्रों के मूल विद्यालय वापसी का शासनादेश जारी हुए 19 माह बीत चुके हैं, लेकिन जिले में अब तक इसका पालन नहीं कराया गया है। इसके कारण करीब आठ सौ शिक्षामित्र आज भी 70 से 80 किलोमीटर की दूरी तय कर अल्प मानदेय में सेवा देने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी की आवाजाही में मानदेय का बड़ा हिस्सा खर्च हो जाता है और शिक्षामित्र आर्थिक व मानसिक तनाव झेल रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश कमेटी के निर्णय के अनुसार तीन अगस्त को जिले के सभी शिक्षामित्र जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में तीन जनवरी 2025, 12 जून 2025, 9 दिसंबर 2025 और 12 दिसंबर 2025 को जारी चार शासनादेशों का हवाला देते हुए उनके तत्काल अनुपालन की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब शिक्षामित्र अपनी मांगों को लेकर खामोश नहीं बैठेंगे और समाधान होने तक संघर्ष जारी रहेगा। जिला मंत्री सुमित द्विवेदी ने कहा कि प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा और भारतीय स्टेट बैंक के बीच हुए समझौते के तहत शिक्षामित्रों के नए खाते एसबीआई में खोले जाने हैं, लेकिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से अब तक कोई आदेश जारी नहीं किया गया।

विज़डम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, मंगलवार 28 जुलाई 2026
sheelshukla100@gmail.com

मीराबाई चानू ने दिलाया भारत को कामनवेल्थ गेम्स का पहला गोल्ड, वेटलिफ्टिंग में 190 यत उठायाय ऋषिकांत ने मेंस में सिल्वर जीता

ग्लासगो ,। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत को पहला स्वर्ण पदक मिल गया है। स्टार वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने महिलाओं के 49 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 190 किलोग्राम (85 किग्रा स्नैच 105 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि के साथ भारत का स्वर्ण पदक का खाता भी खुल गया।

मीराबाई की जीत के बाद भारत के खाते में अब कुल 3 पदक हो गए हैं, जिनमें 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज शामिल हैं। इससे पहले ऋषिकांत सिंह ने पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता था, जबकि झंडू कुमार ने पैरा पावरलिफ्टिंग में कांस्य पदक हासिल किया था। इन प्रदर्शनों के दम पर भारत पदक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 12 स्वर्ण सहित कुल 24 पदकों के साथ शीर्ष स्थान पर बना हुआ है।

ऋषिकांत ने लगातार किया प्रभावित

पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर जीतने वाले ऋषिकांत सिंह का यह दूसरा कॉमनवेल्थ गेम्स है। इससे पहले उन्होंने बर्मिंघम 2022 में 55 किलोग्राम वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार उन्होंने नए भार वर्ग में उतरकर शानदार प्रदर्शन किया और देश को रजत पदक दिलाया। वह मौजूदा कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चौंपियनशिप के भी विजेता हैं।

मणिपुर से शुरू हुआ सफर

ऋषिकांत सिंह ने वर्ष 2009 में मणिपुर स्पोर्ट्स अकादमी से वेटलिफ्टिंग की शुरुआत की थी। शुरुआती प्रदर्शन के बाद उनका चयन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रशिक्षण केंद्र में हुआ। बाद में वे भारतीय नौसेना और फिर भारतीय सेना के खेल कार्यक्रम से जुड़े, जहां उन्हें उच्च स्तर की ट्रेनिंग मिली। मणिपुर के इंफाल वेस्ट के रहने वाले ऋषिकांत के परिवार में दो भाई हैं। उनके बड़े भाई भारतीय सेना में कार्यरत हैं। लगातार मेहनत और अनुशासन के दम पर ऋषिकांत आज भारतीय वेटलिफ्टिंग के उभरते सितारों में गिने जाते हैं। वहीं, मीराबाई चानू के स्वर्ण पदक ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के अभियान को शानदार शुरुआत दिलाई है।

15 साल और 121 दिन की उम्र में दूसरा अर्धशतक, टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वैभव का रिकार्ड

हरारे। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा अर्धशतक जमाने के साथ वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया है। वैभव 16 साल की उम्र से पहले इस फॉर्मेट में 2 बार अर्धशतक जड़ने वाले पहले पुरुष बन गए हैं। वैभव फिलहाल 15 साल और 121 दिन की उम्र के हैं।
वैभव सूर्यवंशी ने रविवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जारी टी20 सीरीज के तीसरे मैच में 49 गेंदों का सामना करते हुए 4 छक्कों और 8 चौकों के साथ 81 रन की पारी खेली। वैभव टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने 15 साल और 118 दिन की उम्र में यह कारनामा किया था। वैभव ने इसी सीरीज के पहले मैच में 19 गेंदों का सामना करते हुए 4 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 50 रन की पारी खेली थी।

रविवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 192 रन बनाए। टीम ने 20 के स्कोर पर अभिषेक शर्मा (2) का विकेट गंवा दिया था। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 गेंदों में 75 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 95 के स्कोर तक पहुंचाया। ईशान 26 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद वैभव ने श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 29 गेंदों में 50 रन जुटाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। वैभव ने 81 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर ने 27 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। इनके अलावा, रिंकू सिंह ने 14 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 25 रन जुटाए। मेजबान खेमे से ब्रैड इवांस ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए, जबकि सिकंदर रजा, ब्लेसिंग मुजरबानी और वेस्ली मधेवेरे ने 1–1 विकेट चटकाया।
श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारतीय टीम वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, रवि बिश्नोई, यश ठाकुर, मयंक यादव और अशोक शर्मा के साथ इस मैच में उतरी है। वहीं, जिम्बाब्वे की प्लेइंग इलेवन में ब्रायन बेनेट, बेन कुरेन, डायोन मायर्स, सिकंदर रजा (कप्तान), रयान बर्ल, वेस्ली मधेवेरे, तदिवानाशे मारुमनी (विकेटकीपर), ब्रैड इवांस, न्यूमैन न्यामुरी, वेलिंगटन मसाकाद्जा और ब्लेसिंग मुजारबानी को मौका दिया गया है।

पाकिस्तान को फाइनल में रौंदकर भारत बना चैंपियन, यूथ हाकी एशियन चैंपियनशिप में 3-1 से जीता खिताब

मस्कट ।तिद्वंद्वी पाकिस्तान को 3–1 के अंतर से धूल चटाकर शानदार अंदाज में ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ भारतीय टीम एलीट पूल टेबल पर शीर्ष पर रहते हुए फिनिश करने में कामयाब रही। फाइनल में पहुंचने के साथ ही भारत और पाकिस्तान दोनों टीमों ने आगामी एफआईएच यूथ हॉकी5ह्य वर्ल्ड कप के लिए भी अपनी जगह पक्की कर ली है।

13 मिनट के भीतर दागे तीन गोल, पाकिस्तान को नहीं मिला वापसी का मौका

टूर्नामेंट में भारतीय टीम का दबदबा शुरुआत से ही देखने को मिला था। लीग चरण के मैच में भी भारत ने पाकिस्तान को 7–3 से करारी शिकस्त दी थी, जिसके चलते फाइनल में भारतीय खिलाड़ियों का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर था। खिताबी मुकाबले के पहले हाफ में ही भारत ने ताबड़तोड़ आक्रामक खेल दिखाया। खेल के 5वें मिनट में रोमित पाल ने पहला गोल दागकर भारत का खाता खोला। इसके बाद 12वें मिनट में कप्तान केतन कुशवाहा

और 13वें मिनट में शाहरुख अली ने गोल दागे, जिससे महज 13 मिनट के भीतर ही भारत 3–0 से आगे हो गया। पाकिस्तान की ओर से खेल के 16वें मिनट में मोहम्मद उस्मान ने एकमात्र गोल किया, लेकिन इसके बाद भारतीय डिफेंस ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया और भारत ने 3–1 से मैच अपने नाम कर लिया।

हॉकी इंडिया ने किया नकद पुरस्कार का ऐलान, महिला टीम को भी इनामपाकिस्तान के खिलाफ खिताबी मुकाबले में इस ऐतिहासिक जीत के बाद हॉकी इंडिया ने भारतीय युवा खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ पर पैसों की बारिश कर दी है। विजेता पुरुष टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 2 लाख रुपये और सपोर्ट स्टाफ के हर सदस्य को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया गया है। इसके अलावा, हॉकी इंडिया ने टूर्नामेंट के फाइनल में चीन से 4–2 से हारकर उपविजेता रही भारतीय सब–जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए भी नकद इनाम की घोषणा की है। महिला टीम की हर खिलाड़ी को 1 लाख रुपये और सपोर्ट स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 50 हजार रुपये नकद दिए जाएंगे।

एफसीएनआर (बी) डिपाजट केवल 45 दिनों में 2013 के 26 अरब डालर के स्तर को कर चुके हैं पार एसबीआई रिपोर्ट

नई दिल्ली ।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की विशेष योजना के तहत 30 सितंबर तक भारत में एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट 65–70 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है, जबकि यह कुल 80–85 अरब डॉलर के दायरे में रहने का अनुमान है। यह जानकारी सोमवार को जारी एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में दी गई।

रिपोर्ट के अनुसार, 17 जुलाई तक 20 अरब डॉलर का पूंजी प्रवाह दर्ज किया गया, जिसमें 17.4 अरब डॉलर के एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट का प्रमुख योगदान रहा।

एसबीआई के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष ने कहा, हमारा अनुमान है कि केवल 45 दिनों में ही एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट 2013 के 26 अरब डॉलर के स्तर को पार कर चुकी है।आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 17 जुलाई 2026 तक 17.4 अरब डॉलर के एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट जुटाए जा चुके हैं। रुझान बताते हैं कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) इस जमा अभियान को आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त और सितंबर 2026 में मैच्योर होने वाली मौजूदा एफसीएनआर जमाओं का बड़ा हिस्सा नई योजना के तहत अधिक ब्याज दरों के कारण दोबारा जमा (रिन्यू) किया जाएगा, जिससे एफसीएनआर (बी) में आने वाली राशि और बढ़ेगी।

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, आधारभूत अनुमान के अतिरिक्त करीब 10 अरब डॉलर की अतिरिक्त राशि भी जुटाई जा सकती है। यह राशि मुख्य रूप से उन देशों से आने की संभावना है, जहां कर संबंधी रियायतें उपलब्ध हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा रुझान को देखते हुए यह माना जा सकता है कि 45 दिनों में जुटाई गई कुल राशि 2013 में तीन महीनों के दौरान जुटाई गई कुल राशि से आसानी से अधिक हो चुकी है।
हालांकि, व्यापक वित्तीय बाजार अब भी इस बात को लेकर उलझन में हैं कि इन पूंजी प्रवाहों का विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) की स्थिति से क्या संबंध है और इतनी मजबूत पूंजी आमद के बावजूद रुपए में कमजोरी क्यों बनी हुई है।
रिपोर्ट के अनुसार, बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। वे केवल जमा राशि के आधार पर ही नहीं, बल्कि विभिन्न देशों में फैले भरोसेमंद और उच्च साख वाले ग्राहकों के साथ अपने मजबूत संबंधों का लाभ उठाकर अतिरिक्त पूंजी प्रवाह सुनिश्चित कर रहे हैं। साथ ही, वे ऑनशोर और ऑफशोर रणनीतियों के संतुलित मिश्रण के जरिए अपनी रणनीति को लचीले ढंग से आगे बढ़ा रहे हैं।रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशिया में तनाव शुरू होने के बाद से विदेशी मुद्रा बाजार में आरबीआई का हस्तक्षेप कुछ हद तक अनियमित रहा है और पूरी क्षमता के साथ नहीं किया गया है।
रिपोर्ट में कहा गया, रुपए ने 360 डिग्री का बदलाव देखा है। पहले यह बाहरी झटकों को अपने ऊपर लेकर अर्थव्यवस्था की रक्षा करने वाला श्शॉक एब्जॉर्बरश था, लेकिन अब यह भूमिका कमजोर पड़ती दिख रही है। इसलिए जरूरी है कि रुपए को दोबारा उसी स्थिति में न पहुंचने दिया जाए और उसकी अंतर्निहित मजबूती बनाए रखी जाए,

एनवीडिया, ओपनएआई के मेगा डेटा सेंटर के लिए 250 अरब डालर की वित्तीय गारंटी देने के लिए कर रही बातचीत रिपोर्ट

नई दिल्ली । अमेरिका की टेक्नोलॉजी कंपनी एनवीडिया, यूएस में बनने वाले ओपनएआई के विशाल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) डेटा सेंटर प्रोजेक्ट के लिए करीब 250 अरब डॉलर की वित्तीय गारंटी उपलब्ध कराने पर बातचीत कर रही है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई है।द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्तावित वित्तीय समर्थन से चौटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई को दक्षिणी ओहायो में सॉफ्टबैंक की ऊर्जा इकाई द्वारा विकसित किए जा रहे 10 गीगावाट क्षमता वाले डेटा सेंटर परिसर को लीज पर लेने में मदद मिलेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस परियोजना की कुल लागत 500 अरब डॉलर से अधिक रहने का अनुमान है, जिसमें इस डेटा सेंटर को संचालित करने वाले एनवीडिया के एआई चिप्स की लागत भी शामिल है।प्रस्तावित 250 अरब डॉलर की गारंटी डेटा सेंटर की लीज और डेट फाइनेंसिंग को कवर करेगी, लेकिन इसमें चिप्स की लागत शामिल नहीं होगी।रिपोर्ट के मुताबिक, एनवीडिया ओपनएआई द्वारा 350 अरब डॉलर तक के एआई चिप्स की खरीद के लिए फाइनेंसिंग पर भी चर्चा कर रही है।ओपनएआई के लिए यह समझौता अपनी खुद का एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने और उस पर नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

इससे कंपनी माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन और ओरेकल जैसे क्लाउड सेवा प्रदाताओं पर निर्भरता कम कर सकेगी।वहीं, एनवीडिया के लिए यह व्यवस्था उसके एआई चिप्स की दीर्घकालिक मांग सुनिश्चित करने में मददगार होगी। इन चिप्स का उपयोग उन्नत एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने और संचालित करने के लिए व्यापक रूप से किया जाता है।रिपोर्ट के अनुसार, यह वित्तीय सहायता उन निवेश ढांचों को भी मजबूत करेगी, जिनका उद्देश्य इस परियोजना के फंडिंग को लेकर ऋणदाताओं का भरोसा बढ़ाना है।ओहायो में बनने वाली इस परियोजना का पहला चरण 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है, जिसमें लगभग 800 मेगावाट बिजली क्षमता उपलब्ध होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस परियोजना के लिए बिजली आपूर्ति का नियंत्रण अमेरिकी सरकार के पास होगा और इसकी फंडिंग जापान करेगा। यह हाल ही में हुए व्यापार समझौते का हिस्सा है, जिसके तहत टोक्यो ने 33 अरब डॉलर के प्राकृतिक गैस संयंत्र में निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।इस महीने की शुरुआत में दक्षिण कोरिया के बड़े औद्योगिक समूहों और एनवीडिया सहित वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों ने करीब 950 अरब डॉलर मूल्य की कई सहयोगी परियोजनाओं की संभावनाओं पर सहमति जताई थी। यह जानकारी दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से दी गई थी।प्रस्तावित पहलों में एक दीर्घकालिक समझौता भी शामिल है, जिसके तहत एसके ग्रुप (एसके ग्रुप) वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों, जिनमें एनवीडिया भी शामिल है, को लगभग 750 अरब डॉलर मूल्य के उच्च–प्रदर्शन सेमीकंडक्टर उपलब्ध कराएगा। यह जानकारी राष्ट्रपति के नीति मामलों के प्रमुख सचिव किम योंग–बोम ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान दी। यह सहमति सैन फ्रांसिस्को में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में बनी, जिसमें वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों और दक्षिण कोरिया के प्रमुख कारोबारी समूहों के शीर्ष अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इनमें सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के कार्यकारी अध्यक्ष ली जे–योंग और एसके ग्रुप के चेयरमैन चे ताए–वोन शामिल थे। बैठक में ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन और एनवीडिया के संस्थापक एवं सीईओ जेनसन हुआंग भी मौजूद रहे।

कामनवेल्थ गेम्स में भारत को दूसरा मेडल वेटलिफ्टर ऋषिकांत सिंह ने सिल्वर जीता, पैरा पावरलिफ्टिंग में आ चुका है एक ब्रान्ज

नई दिल्ली। भारत के युवा वेटलिफ्टर ऋषिकंत सिंह ने ग्लासगो कॉमनवेल्थ खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के 60 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने कुल 264 किलोग्राम (स्नैच 121 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क 143 किलोग्राम) वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया। स्नैच स्पर्धा में 121 किलोग्राम वजन उठाकर उन्होंने कॉमनवेल्थ खेलों का नया रिकॉर्ड भी कायम किया।

ऋषिकंत कॉमनवेल्थ खेलों में पदक जीतने वाले मणिपुर के पहले पुरुष वेटलिफ्टर बन गए हैं। यह ग्लासगो खेलों में भारत का दूसरा पदक है। इससे पहले पैरा पावरलिफ्टिंग की पुरुष हैवीवेट स्पर्धा में झंडू कुमार ने कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला था।

स्नैच स्पर्धा में ऋषिकंत ने शुरुआत से ही अपना दबदबा दिखाया। उन्होंने पहले प्रयास में 118 किलोग्राम, दूसरे में 119 किलोग्राम और तीसरे प्रयास में 121 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाकर नया खेल रिकॉर्ड बनाया। तीसरे प्रयास के दौरान उनके दाहिने कंधे पर हल्का दबाव दिखाई दिया, लेकिन मजबूत तकनीक और संतुलन के दम पर उन्होंने रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

क्लीन एंड जर्क में ऋषिकंत ने पहले प्रयास में 143 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाया। इसके बाद उन्होंने 148 किलोग्राम का प्रयास किया, लेकिन उसमें सफल नहीं हो सके। उनके कुल 264 किलोग्राम के प्रदर्शन के बावजूद मलेशिया के मोहम्मद अनिक बिन कस्डन ने 273 किलोग्राम (स्नैच 124 किलोग्राम, क्लीन एंड जर्क 149 किलोग्राम) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीत लिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच कुल 9 किलोग्राम का अंतर रहा। ऋषिकंत का यह प्रदर्शन भारतीय वेटलिफ्टिंग के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। रजत पदक के साथ–साथ खेलों का रिकॉर्ड अपने नाम कर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की दावेदारी को और मजबूत किया।

विराट कोहली ने संजू सैमसन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने के लिए कठोर फिटनेस

विराट कोहली ने संजू सैमसन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने के लिए कठोर फिटनेस और लाइफस्टाइल अपनाने की सलाह दी, जिसे संजू ने कुछ समय तक फॉलो किया पर बाद में छोड़ दिया। सैमसन ने कोहली के जुनून की प्रशंसा करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी शर्तों पर खेलने का फैसला किया है और टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन के बाद अपने करियर को लेकर संतुष्ट हैं। भारतीय विकेटकीपर–बल्लेबाज संजू सैमसन ने फिटनेस, लाइफस्टाइल और अनुशासन से जुड़ी उस सलाह के बारे में बात की जो उन्हें जिम सेशन के दौरान दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली से मिली थी और बताया कि उन्होंने इसे अपनी जिंदगी में कैसे अपनाया। संजू, जो प्ब्ब ज्20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और श्प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटश रहे थेकृउन्होंने वेस्ट इंडीज के खिलाफ वर्चुअल क्वार्टर–फाइनल से लेकर न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल तक लगातार अर्धशतक लगाते हुए कुल 321 रन बनाए थेकृवे श्रपवैजंत के शो में बात कर रहे थे।इस प्रोग्राम के दौरान संजू ने जिम में विराट के अंदर दिखने वाले श्जुनूनश की तारीफ की और बताया कि उन्हें एक इंटरनेशनल क्रिकेटर के तौर पर एक खास डाइट और लाइफस्टाइल बनाए रखने

की सलाह मिली थी। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने विराट की सलाह को अपनी लाइफस्टाइल में अपनाने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही उसे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि विराट भाई कैसे हैं। वह सबके साथ बहुत साफ और सीधे–साफ बात करते हैं। अगर आपको कुछ करना है, ।

शेयर बाजार खुलते ही निवेशकों की लगी लाटरी, जेब में आए 4.76 लाख करोड़

मुंबई । वैश्विक स्तर पर भू–राजनीतिक तनाव कम होने, कच्चे तेल की कीमतों में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट और डॉलर के मुकाबले रुपये के मजबूत होने से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 600 अंकों से अधिक उछल गया, जबकि एनएसई निफ्टी में करीब 200 अंकों की बढ़त देखने को मिली। इस तेजी से निवेशकों की संपत्ति में लगभग 4.76 लाख करोड़ का इजाफा हुआ।बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने से पश्चिम एशिया में हालात सामान्य होने की उम्मीद बढ़ी है। इससे वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर चिंताएं घटी हैं और निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है। साथ ही, दोनों देशों के बीच कूटनीतिक समाधान की संभावनाओं ने भी बाजार की धारणा को सकारात्मक बनाया है।सेंसेक्स–निफ्टी में मजबूत बढ़तशुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 636.61 अंक चढ़कर 76,696.38 के स्तर तक पहुंच गया। वहीं एनएसई का निफ्टी भी करीब 200 अंकों की तेजी के साथ 23,964.50 के स्तर तक पहुंचा। कारोबार की शुरुआत से ही बाजार में खरीदारी का माहौल बना रहा।आईटी और एविएशन शेयरों में जोरदार खरीदारीसेंसेक्स के 30 में से 28 शेयर हरे निशान में कारोबार करते दिखाई दिए। केवल भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में हल्की कमजोरी रही। इंडिगो और इंफोसिस के शेयरों में 3.5 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई, जबकि एशियन पेंट्स और इटरनल के शेयर 2.5 प्रतिशत से अधिक चढ़े। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, टीसीएस और टेक महिंद्रा समेत कई दिग्गज कंपनियों के शेयरों में भी दो प्रतिशत से अधिक की बढ़त देखने को मिली।
निवेशकों की संपत्ति में ?4.76 लाख करोड़ का इजाफा शेयर बाजार की इस तेजी का सीधा लाभ निवेशकों को मिला। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण शुक्रवार के मुकाबले बढ़कर लगभग 4.80 लाख करोड़ करोड़ के स्तर पर पहुंच गया। इससे निवेशकों की कुल संपत्ति में करीब 4.76 लाख करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई, जो बाजार में मजबूत निवेशक विश्वास का संकेत माना जा रहा है।

विजडम इण्डिया R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608 हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, मंगलवार 28 जुलाई 2026
sheelshukla100@gmail.com

जना नायकन ने दो दिन में वर्ल्डवाइड जड़ा शतक, कालीवुड की 15 फिल्मों को दी मात, बना दिया ये रिकॉर्ड

बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार ओपनिंग के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय की आखिरी पॉलिटिकल एक्शन ड्रामा जना नायकन ने अपनी रिलीज के दूसरे दिन भी दर्शकों को सिनेमाघरों में खूब एंटरटेन किया. हालांकि दूसरे दिन फिल्म की कमाई में 50 फीसदी की गिरावट भी दर्ज की गई बावजूद इसके जना नायकन ने सेकंड डे भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया. यहां तक कि वर्ल्डवाइड इस फिल्म ने एक बड़ा मील का पत्थर भी पार कर लिया है.

सैकनिल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक, थलापति विजय की फिल्म जना नायकन ने रिलीद के दूसरे दिन भारत में 12,190 शो में कुल 21.15 करोड़ रुपये की नेट कमाई की है. इसी के साथ भारत में फिल्म की दो दिनों की नेट कमाई 63.85 करोड़ और कुल ग्रॉस कलेक्शन अब 75.00 करोड़ रुपये हो गया है.

जना नायकन की ओवरसीज में डंका बज रहा है.विदेशों में फिल्म ने दूसरे दिन 10.00 करोड़ रुपये कमाए, जिससे इसका ओवरसीज का टोटल कलेक्शन 37.50 करोड़ रुपये हुआ है. वहीं वर्ल्डवाइड फिल्मका ग्रॉस कलेक्शन 112.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. यानी इस फिल्म ने रिलीज के दो दिन में ही 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर डाली है.

जना नायकन ने वर्ल्डवाइड दूसरे दिन कॉलीवुड की साल की 15 फिल्मों को मात देकर दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मूवी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. ये बस अब करुप्पु से पीछे है. बता दें कि करुप्पु की वर्ल्डवाइड लाइफटाइम कमाई 314.79 करोड़ रुपये है. ये साल की वर्ल्डवाइड सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कॉलीवुज फिल्मों की लिस्ट में नंबर वन पर है. वहीं अब दूसरे नंबर पर 112.50 करोड़ की कमाई के साथ जना नायकन काबिज हो गई है.

जना नायकन को एच विनोथ ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में विजय के साथ–साथ ममिता बैजू, पूजा हेगड़े, बॉबी देओल और प्रकाश राज जैसे कई बड़े कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं. शुरू में यह

फिल्म जनवरी में रिलीज होने वाली थी, लेकिन प्रोड्यूसर और सीबीएफसी के बीच विवाद के कारण इसे कुछ महीनों के लिए टाल दिया गया था.

धमाल 4 ने 15वें दिन तोड़ा वेलकम टू द जंगल का रिकार्ड, वर्ल्डवाइड कमा डाले इतने करोड़

धमाल 4 ने सिनेमाघरों मे रिलीज के दो हफ्ते पूरे कर लिए हैं और ये अब तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. दिलचस्प बात ये है कि कई नई हिंदी फिल्में और थलापति विजय की जना नायकन के हिंदी वर्जन के सिनेमाघरों में आने के बावजूद, इसकी कमाई में कोई गिरावट नहीं आई. बल्कि, तीसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी देखी गई. इसी बीच, इसने अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल को पीछे छोड़ते हुए बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. चलिए यहां फिल्म केकोईमोई के मुताबिक 14वें दिन की 2.42 करोड़ ग्रॉस (2.05 करोड़ नेट) कमाई के मुकाबले, इस एडवेंचर–कॉमेडी फिल्म ने रिलीज के तीसरे शुक्रवार यानी 15वें दिन भारत में 2.83 करोड़ ग्रॉस (2.4 करोड़ नेट) की कमाई करके बढ़त दिखाई. वहीं विदेशों में कमाई 25 लाख पर स्थिर रही. कुल मिलाकर, तीसरे फ्राइडे इस फिल्म ने ग्लोबली 3. 08 करोड़ ग्रॉस की कमाई की, जो गुरुवार की 2.67 करोड़ ग्रॉस कमाई से 15.36ल ज्यादा है.रिपोर्ट के मुताबिक धमाल 4 ने भारत में 15 दिनो में 145.73 करोड़ रुपये की नेट कमाई की है. वहीं भारत में इसकी 171.96 करोड़ रुपये की ग्रॉस कमाई हुई है. जबकि विदेशों में इसने अब तक 24.2 करोड़ रुपये कमाए हैं. दोनों को मिलाकर, 15 दिनों का वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 196.16 करोड़ रुपये (ग्रॉस) रहा है.धमाल 4 साल ने अपनी बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस से इम्प्रेस किया है. रिलीज के तीसरे हफ्ते में एंट्री करते ही इसने बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है. दरअसल ये साल 2026 में दुनिया भर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चौथी बॉलीवुड फिल्म बन गई है. रिलीज के 15 दिनों में 196.16 करोड़ रुपये (कोईमोई के आंकड़े) की कमाई के साथ अजय देवगन की फिल्म धमाल 4 ने अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल के दुनियाभर में 195.45 करोड़ रुपये के कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है. इसी के साथ ये वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर इस साल की चौथी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन गई है.गौरतलब है कि वेलकम टू द जंगल अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है, लेकिन धीमी रफ्तार के कारण यह अजय देवगन स्टारर

फिल्म को पीछे नहीं छोड़ पाएगी. धमाल 4 इस पॉपुलर फ्रैंचाइजी की चौथी इंस्टॉलमेंट है. ये फिल्म 20 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म में अजय देवगन के अलावा रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी और संजय मिश्रा सहित कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया है. फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है.

मां इंटि बंगारम ने बनाया रिकॉर्ड, बनी 2026 की तमिल की मोस्ट प्राफिटेबल फिल्म

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फीमेल लीड फिल्म मां इंटि बंगारम की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं. फिल्म रिलीज के बाद से ही सोशल मीडिया पर छाई हुई है. इसकी लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं. फिल्म ने इंडिया में तो बवाल काटा ही साथ ही नॉर्थ अमेरिका में भी शानदार प्रदर्शन किया. इसने 100ल से ज्यादा का प्रॉफिट भी कमा लिया है. चलिए बताते हैं फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में कितना कमाया.

फिल्म मां इंटि बंगारम ने नॉर्थ अमेरिका में भी जबरदस्त कमाई की है. फिल्म को 19 जून को रिलीज किया गया था और अमेरिका में प्रीमियर में इसने +280के की अच्छी कमाई की, जबकि पहले दिन (प्रीमियर मिलाकर) कुल +533.4के की कमाई की. नॉर्थ अमेरिका में फिल्म सक्सेसफुल रही.रिपोर्ट के अनुसार, इसने 2.082 मिलियन डॉलर की कमाई की, जो कि इंडियन रुपये में 20.1 करोड़ के बराबर है.

इसी के साथ ही फिल्म मां इंटि बंगारम 2026 की तमिल की मोस्ट प्रॉफिटेबल फिल्म बन चुकी है. कोईमोई के अनुसार, इसने 1 मिलियन डॉलर यानी कि 9.66 करोड़ कमाए. जबकि फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 2.082 मिलियन डॉलर रहा. इस लिहाज से फिल्म ने 1.082 मिलियन यानी कि 10.82 करोड़ का प्रॉफिट कमाया. फिल्म ने 108.2ल का प्रॉफिट कमा लिया.

बहरहाल, अगर फिल्म मां इंटि बंगारम के बारे में बात की जाए तो इसमें सामंथा रुथ प्रभु लीड रोल में हैं, जिन्होंने एक हाउस वाइफ का रोल तो प्ले किया है साथ ही एक एक्शन वाला अवतार भी दिखाया है, जो अपने परिवार की रक्षा के लिए कुछ भी करती हैं. सामंथा की ये पहले एक्शन मोड वाली फीमेल लीड फिल्म है, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया.

इतना ही नहीं, मां इंटि बंगारम सामंथा की पहली फिल्म है, जिसने बतौर फीमेल एक्ट्रेस 100 करोड़ के क्लब में एंट्री मारी है. ये एक दमदार फिल्म साबित हुई है.

सनी देओल की बटवारा 1947 को सेंसर बोर्ड ने दिखाई हरी झंडी, जानिए कब आएगी फिल्म

सनी देओल की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म बटवारा 1947 लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। आमिर खान प्रोडक्शन द्वारा निर्मित और राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित ये फिल्म अगले महीने सिनेमाघरों में आ रही है। इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के हवाले किया था, जहां से उन्हें हरी झंडी मिल गई है। बताया जा रहा है कि बोर्ड ने बटवारा 1947 को बिना किसी काट–छांट के मंजूरी दे दी है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि फिल्म बटवारा 1947 को सेंसर बोर्ड से बिना किसी कट के प्रमाणपत्र मिल गया है। इसके बाद ये 14 अगस्त, 2026 को

सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है।विभाजन के समय पर आधारित यह फिल्म लाहौर के एक मुस्लिम परिवार की कहानी बयां करती है, जिनका सामना एक हिंदू महिला से होता है, जो वहां मौजूद अपना पैतृक घर छोड़ने से मना कर देती है।फिल्म में सनी के साथ मुख्य किरदार में प्रीति जिंटा दिखाई देंगी। वह 5 साल से भी ज्यादा समय बाद फिल्मों में वापसी कर रही हैं।शबाना आजमी, करण देओल, अली फजल, अभिमन्यु सिंह, खुशी हजारे और कनिका कपूर भी अहम किरदारों में शामिल हैं।

फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया है, जबकि गीत जावेद अख्तर ने द्वारा लिखे गए हैं।

द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2 का ऐलान, सामने आया करण जौहर के शो का धमाकेदार टीजर

ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो ने अपने सुपरहिट और थ्रिलर रियलिटी शो द ट्रेटर्स इंडिया के दूसरे सीजन की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इसके साथ ही निर्माताओं ने एक शानदार टीजर भी जारी किया है, जिसने सोशल मीडिया पर आते ही धमाका कर दिया है। टीजर में दिल्ली और मुंबई की व्यस्त सड़कों पर नकाबपोश लोग हाथों में खंजर लिए घूमते हुए दिख रहे हैं, जो इस शो के डरावने और सस्पेंस से भरे माहौल की झलक दिखाता है।अमेजन प्राइम वीडियो ने रियलिटी शो द ट्रेटर्स इंडिया 2 का टीजर जारी कर दिया है।सस्पेंस, रणनीति और धोखे पर आधारित इस शो के टीजर ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है।वीडियो में लाल रंग के कपड़ों और मास्क में लोग नई दिल्ली और मुंबई के बाजारों, मेट्रो और एयरपोर्ट्स पर खंजर लिए घूमते दिख रहे हैं। निर्माताओं ने शो की बाकी जानकारियों को अभी गुप्त रखा है, जिससे सस्पेंस और गहरा हो गया है।द ट्रेटर्स इंडिया के पहले सीजन में फिल्म, टीवी, खेल और डिजिटल दुनिया के कई जाने–माने सितारे शामिल हुए थे।इस शो को करण जौहर ने होस्ट किया था। प्रतियोगियों में उर्फी जावेद, करण कुंद्रा, राज कुंद्रा, रफ्तार, जैस्मिन भसीन, जन्नत जुबैर और आशीष विद्यार्थी जैसे कई लोकप्रिय नाम मौजूद थे।सस्पेंस और रणनीतियों से भरे इस गेम शो के अंत में उर्फी जावेद और निकिता लूथर विजेता बनी थीं,

नरगिस फाखरी का तेलुगू डेब्यू, नेनु रेडी के कोनचम कोनचम गाने से मचाया धमाल

नरगिस फाखरी ने फिल्म नेनु रेडी से तेलुगू इंडस्ट्री में कदम रखा है, जिसका पहला गाना कोनचम कोनचम अब जारी हो गया है। इस गाने में हवीश और काव्या थापर की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है, जबकि नरगिस इसमें एक खास भूमिका में दिखेंगी।

थ्रिनाधा राव नकिने के निर्देशन में बनी और कोनेरू सत्यनारायण व निखिला कोनेरू द्वारा हार्निक्स इंडिया एलएलपी के बैनर तले निर्माता की गई यह फिल्म टॉलीवुड में एक नई जान फूंकने वाली लग रही है।कोनचम कोनचम एक खुशनुमा और रोमांटिक गाना है, जिसे मिकी जे मेयर ने कंपोज किया है और समीरा भरद्वाज ने अपनी आवाज दी है।इसके बोल सरस्वतीपुत्र रामजोगय शास्त्री ने लिखे हैं। फिल्म में मुख्य किरदारों के अलावा, आपको ब्रह्मानंदम, वेनेला किशोर और मुरली शर्मा जैसे जाने–पहचाने चेहरे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

अपने कैची म्यूजिक और शानदार विजुअल्स के साथ, नेनु रेडी तेलुगू सिनेमा के नए दौर के प्रशंसकों को खूब पसंद आ सकती है।

देसी लुक में छाईं अवनीत कौर, गुलाबी सलवार-सूट में दिखीं बेहद खूबसूरत

एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अपनी बेहतरीन एक्टिंग के साथ–साथ वह अपने कमाल के फैशन सेंस और बोल्ड चॉइस के लिए भी जानी जाती हैं। हाल ही में अवनीत ने इंस्टाग्राम पर एथनिक लुक में कुछ बेहद शानदार तस्वीरें शेयर की हैं।

तस्वीरों में अवनीत कौर ने गहरे गुलाबी रंग का पारंपरिक सलवार–सूट पहने नजर आ रही हैं। उनके कुर्ते के नेकलाइन और स्लीव्स पर गोल्डन जरी और गोटा–पत्ती का हैवी वर्क है, जो उन्हें एक रॉयल लुक दे रहा है।

इसके साथ ही अवनीत ने मैचिंग की नेट की चुनरी कैरी की है, जिस पर छोटी–छोटी चमकीली बूटियों का काम है। पटियाला स्टाइल सलवार और स्लीव्स पर बने कट–डिजाइन उनके पूरे आउटफिट को पारंपरिक होने के साथ–साथ ट्रेंडी और मॉडर्न टच दे रहे हैं।

अवनीत का हेयर स्टाइल उनके इस देसी लुक को पूरी तरह से कॉम्प्लीमेंट कर रहा है। उन्होंने अपने बालों को हाफ–अप, हाफ–डाउन स्टाइल में ट्विस्ट करके पीछे पिन किया हुआ है, जबकि बाकी के बालों को सॉफ्ट कर्ल्स के साथ खुला छोड़ दिया है।

मेकअप की बात करें तो उन्होंने ग्लोइंग बेस के साथ न्यूड विंग्ड आईलाइनर, पिंक ब्लश और ग्लॉसी लिप्स चुने हैं। माथे पर लगी एक छोटी सी काली बिंदी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है।



टाइगर श्राफ-जाह्नवी कपूर और लक्ष्य की फिल्म लग जा गले कब होगी रिलीज? आ गया अपडेट

टाइगर श्रॉफ, जाह्नवी कपूर और लक्ष्य की तिकड़ी पहली बार फिल्मी पर्दे पर साथ आने वाली है। उनकी चर्चित फिल्म लग जा गले की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान हो गया है। फिल्म के निर्देशक राज मेहता हैं, जिन्हें गुड न्यूज , जुग जुग जीयो और सेल्फी जैसी सफल फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। लग जा गले के साथ, मेहता एक्शन से भरपूर शैली में कदम रखते हुए नजर आ रहे हैं।लग जा गले का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया है। फिल्म अगले साल गर्मी की छुट्टियों में सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसकी रिलीज तारीख 14 मई, 2027 है। खबरों की मानें, तो फिल्म में टाइगर और लक्ष्य के रूप में 2 हीरो हैं, इसलिए रोमांस के साथ–साथ एक्शन की भरपूर डोज भी शामिल होगी। उधर रिलीज तारीख के ऐलान ने फैंस को फिल्म के लिए अभी से उत्साहित कर दिया है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।